कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 335, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 31 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



## हीरा बा की अंतिम विदाई...

### पीएम मोदी ने कंधे पर उठाई अर्थी, नम आंखों से दी मां को मुखाग्नि

**अहमदाबादः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा पंचतत्व में विलीन हो गई। हीराबा ने अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में सुबह 3.30 पर अंतिम सांस लीं। हीराबा को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद मंगलवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राष्ट्रपति से लेकर कई वरिष्ठ नेताओं ने पीएम मोदी की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया। मां के निधन की सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही पीएम मोदी गांधीनगर स्थित आवास पर पहुंच गए थे और मां के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में भाग लिया। मां को काधा देते वक्त पीएम मोदी काफी भावुक दिखे। कंधे पर मां का पार्थिव शरीर रख पीएम मोदी भावुक नजर आए। पीएम मोदी बिल्कुल गमगीन दिख रहे थे। इस दौरान उनके और भी भाइयों ने कांधा दिया। अपनी मां के निधन पर पीएम मोदी ने ट्वीट में लिखा कि शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम... मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। श्मशान घाट ले जाते वक्त पीएम मोदी अपनी मां के पार्थिव शरीर के पास गाड़ी में बैठे दिखे। पीएम मोदी एकदम शांत दिख रहे थे। प्रधानमंत्री की मां का अंतिम संस्कार बेहद सादगी से किया गया। अंतिम संस्कार में घर के ही ज्यादातर सदस्य दिखे। पीएम मोदी ने अपने भाई के साथ मिलकर अपनी मां हीराबा को मुखाग्नि दी। इस दौरान वहां खड़े लोग काफी गमगीन दिखे। पीएम मोदी के परिवार ने मां हीराबा के निधन पर एक संदेश जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि हम इस कठिन समय में उनके लिए की गई प्रार्थनाओं के लिए सभी का धन्यवाद करते हैं। सभी से हमारा विनम्र अनुरोध है कि दिवंगत आत्मा को अपने विचारों में रखें और अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम और प्रतिबद्धताओं को जारी रखें।

### पीएम मोदी की मां के निधन पर दुनिया के कई राष्ट्राध्यक्षों ने जताया शोक

**इस्लामाबाद/टोक्यो/काठमांडू/कोलंबो।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर दुनिया भर के नेताओं ने शोक जताया है। पाकिस्तान, नेपाल व जापान के प्रधानमंत्रियों सहित दुनिया के कई राष्ट्राध्यक्षों ने शोक प्रकट करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबेन मोदी शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गईं। उनके निधन पर दुनिया भर के नेताओं की ओर से शोक संवेदनाएं प्रकट की गयी हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्वीट कर कहा कि मां को खोने से बड़ा नुकसान और कोई नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां के निधन पर मेरी ओर से शोक संवेदनाएं। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने ट्वीट कर शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में पीएम मोदी और उनके परिवार के प्रति मैं गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने ट्वीट कर हीराबेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने ट्वीट में उन्होंने कहा कि मेरी संवेदना प्रधानमंत्री मोदी और उनके परिवार के साथ है।



## पीएम मोदी ने बंगाल को दी सौगात

**कोलकाताः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीरा बा का अंतिम संस्कार करने के तुरंत बाद काम पर लौट आए हैं। सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर अहमदाबाद में उन्होंने मां को मुखाग्नि दी थी। इसके बाद वे अहमदाबाद से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में जुड़े। उन्होंने हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। कार्यक्रम में शामिल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोदी की मां के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह दिन आपके लिए तकलीफ भरा है। आपकी मां यानी हमारी भी मां। ईश्वर आपको शक्ति दें कि आप अपना काम जारी रख सकें। मेरा अनुरोध है कि आप कुछ समय आराम भी करें।



**मोदी ने कहा- निजी कारणों से आपके बीच नहीं आ पायाः** मोदी ने कहा- बंगाल की पुण्य धरती को नमन। निजी कारणों से आपके बीच नहीं आ पाया। इसके लिए क्षमा मांगता हूं। रेलवे और मेट्रो के साथ कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन हुआ है। वंदे भारत ट्रेन के लिए आप सबको बधाई। कुछ देर बाद गंगाजी की स्वच्छता और पीने के पानी से जुड़ी परियोजनाएं पश्चिम बंगाल को सौंपने का अवसर मिलेगा।

**ममता ने बंगाल के लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री को शुक्रिया कहाः** कार्यक्रम में शामिल हुईं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी से कहा- माननीय प्रधानमंत्री जी, मैं आपकी आभारी हूं कि आपको यहां आना था, लेकिन अपनी माताजी के निधन के चलते आप नहीं आ पाए।

## सहकारी समितियों के साथ नहीं होगा अन्यायः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कर्नाटक के मांड्या में मेगा डेयरी का उद्घाटन किया। इस मौके पर शाह ने कहा कि मांड्या मेगा डेयरी के उद्घाटन मंच से वे देश भर के सहकारी कार्यकताओं को बताना चाहते हैं कि भारत सरकार का फैसला है कि सहकारी समितियों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा। श्री आदिचुंचनगिरि महा संस्थान मठ, मांड्या के 72वें पुजारी निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा और केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी भी उद्घाटन के दौरान वहां उपस्थित रहे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार 260 करोड़ रुपये की लागत से आज उद्घाटन की गई मेगा डेयरी में प्रतिदिन 10 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण होगा। इसकी क्षमता प्रतिदिन 14 लाख लीटर तक बढ़ाने की है। यह लाखों किसानों की खुशी सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से ही देश के किसानों ने कृषि मंत्रालय से अलग सहकारिता मंत्रालय की मांग की थी। उन्होंने कहा कि अलग सहकारिता मंत्रालय बनाकर किसानों के विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में 15,210 ग्राम-स्तरीय सहकारी डेयरियां हैं, जिनमें लगभग 26.22 लाख किसान प्रतिदिन 16 जिला स्तरीय डेयरियों के माध्यम से अपना दूध पहुंचाते हैं।

## तुनिषा की मां बोलीं- शीजान ने बेटी को थप्पड़ मारा

### महंगे गिफ्ट मंगवाता था; उसकी बहन तुनिषा को दरगाह ले जाती थी

**मुंबईः** तुनिषा शर्मा की मां वनिता शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शीजान पर गंभीर आरोप लगाए। वनिता ने कहा कि जब तुनिषा ने शीजान से उसके सीक्रेट गर्लफ्रेंड के बारे में सवाल किया तो उसने सेट पर ही तुनिषा को थप्पड़ मार दिया था। उन्होंने कहा, "शीजान तुनिषा का मानसिक और आर्थिक शोषण करता था। शीजान की बहन फलकनाज, तुनिषा को दरगाह ले जाती थी। शीजान तुनिषा से मंहगे-मंहगे गिफ्ट मंगाता था।"

**तुनिषा की मां ने शीजान पर लगाए गंभीर आरोप**



**तुनिषा ने कहा था- शीजान ने उसका इस्तेमाल किया।**

शीजान से ब्रेकअप के बाद काफी परेशान रहती थी तुनिषा।

सीरियल के सेट पर शीजान ने तुनिषा को थप्पड़ मार दिया था। शीजान की बहन तुनिषा को दरगाह ले जाती थी। मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाता था शीजान। शीजान की मां को सब बातें पता थीं, फिर भी वह कुछ नहीं कहती थीं। शीजान के घरवालों ने तुनिषा को ट्रैप करके रखा था।।

**तुनिषा ने 24 दिसंबर को फांसी लगाई थीः** टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा ने 24 दिसंबर दिन शनिवार को सीरियल के सेट पर फांसी लगाई।

**सुसाइड से 15 दिन पहले तुनिषा का हुआ था ब्रेकअपः** मुंबई के एसीपी चंद्रकांत जाधव ने बताया कि तुनिषा और उनके को स्टार शीजान का अफेयर चल रहा था। मौत से 15 दिन पहले उनका ब्रेकअप हुआ, जिसकी वजह से तुनिषा ने 24 दिसंबर को अपने शो के सेट पर फांसी लगा ली थी।

## जीएसटी में फर्जी पंजीयन के पीछे आतंकी कनेक्शन का शक

**भोपालः** मध्य प्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी पंजीयन में बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा है। जालसाजों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वर्ष 2022 में 350 फर्मो के जीएसटी पंजीयन करा लिए। जांच में दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर इनके पंजीयन निरस्त कर दिए गए हैं। इन्हीं में से आठ फर्मो के संचालकों के विरुद्ध एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) ने दो दिन पहले प्रकरण कायम कर जांच शुर की है। इसके पीछे संगठित गिरोह का पता चला है।

**मध्य प्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग ने की 900 संदिग्ध फर्मो की पहचानः** जालसाजों ने माल की बिक्री की फर्जी बिलिंग दिखाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया है। इस राशि का उपयोग आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किए जाने का शक है। अधिकारियों का कहना है कि अभी करीब 550 और संदिग्ध पंजीयनों की जांच की जा रही है। इनमें भी ज्यादातर फर्जी हो सकते हैं। विभाग ने डेटा एनालिटिक्स के आधार पर जनवरी से नवंबर 2022 के बीच 5500 संदिग्ध पंजीयनों को चिह्नित किया था। जांच के बाद 900 पंजीयन ऐसे मिले, जिनमें गड़बड़ी का बहुत ज्यादा अंदेशा था, बाकी सही पाए गए।

## दवा कंपनियों को पर्याप्त भंडार रखने के निर्देश



**नई दिल्लीः** कोविड संक्रमण के फिर से बढ़ने की आशंकाओं के बीच भारत ने इससे निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को कोविड-19 प्रबंधन की तैयारी के लिए दवा उत्पादन कंपनियों से बैठक की। मंडाविया ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ कोविड प्रबंधन दवाओं और उत्पादन क्षमताओं की स्थिति और पर्याप्तता की समीक्षा की ताकि भारत किसी भी स्थिति को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए तैयार रहे। यह बैठक कुछ देशों में कोविड-19 के बढ़ते गंभीर मामलों को देखते हुए आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉ. मनसुख मांडविया ने देश में कोविड महामारी के दौरान दवा कंपनियों के अमूल्य योगदान के लिए उनकी सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारत का दवा उद्योग मजबूत, लचीला और संवेदनशील है। इसकी ताकत के चलते ही हमने महामारी के दौरान अपनी मांग पूरी करने के साथ-साथ 150 देशों को दवाओं की आपूर्ति की। इस दौरान गुणवत्ता और उचित कीमत भी सुनिश्चित की गई।

**दवाओं के पर्याप्त भंडारण पर जोरः** कोविड-19 आशंकाओं के दृष्टिगत उन्होंने दवा कंपनियों से आग्रह किया कि वे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला परिदृश्य पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा कि कंपनियां एपीआई के उत्पादन और उपलब्धता के साथ-साथ कोविड प्रबंधन के लिए जरूरी दवाओं के निर्माण की भी बारीकी से निगरानी करें। उन्होंने खुदरा स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला में कोविड दवाओं सहित सभी दवाओं के पर्याप्त भंडार और उपलब्धता को सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया।

## कांग्रेस और भाजपा आरक्षण विरोधी पार्टियां : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को यूपी और उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारी और नेताओं के साथ पार्टी मुख्यालय में बैठक की। एक दिवसीय बैठक में मायावती ने आने वाले आंग्ल वर्ष 2023 की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जोश भरते हुए नए साल में नए उत्साह व उमंग के साथ अनुकूल हो रहे माहौल में जनाधार को तेजी से बढ़ाकर पार्टी व मूवमेंट को चुनाव जीतने योग्य मजबूत बनाने के लिए नई रणनिति पर पूरे जी-जान से लगने का आह्वान किया। बसपा प्रमुख



मायावती ने ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस और भाजपा पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि दोनों ही पार्टियां आरक्षण विरोधी है। यही कारण है कि इन दोनों पार्टियां ने मिलकर पहले एससी और एसटी वर्ग के उत्थान के लिए उनके आरक्षण को संवैधानिक अधिकार को लगभग निष्क्रिय एवं निष्प्रभावी बना दिया।

## आजाद की घर वापसी की कोशिश में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्लीः चार** महीने पहले कांग्रेस को अलविदा कह चुके जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के फिर से पार्टी से जुड़ने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि वह अक्टूबर में अपने नई राजनीतिक संगठन डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी का ऐलान कर चुके हैं। लेकिन राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के कश्मीर पहुंचने से पहले पार्टी अपने पुराने साथी की घर वापसी के प्रयास में जुट गई है। आजाद की वापसी के लिए खुद पार्टी की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी बातचीत कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, अंबिका सोनी ने आजाद से बातचीत की है। उन्होंने आजाद



को राहुल गांधी से भी बातचीत करने को कहा है। बता दें अंबिका सोनी को सोनिया गांधी का बेहद करीबी नेता माना जाता है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 20 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के लखनपुर में प्रवेश करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता चाहते हैं कि उससे पहले आजाद मान जाएं और पार्टी में वापसी करें।

**सबसे पहले जानते हैं आजाद ने पार्टी क्यों छोड़ीः** आजाद ने इसी साल 26 अगस्त को कांग्रेस पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वह पिछले 52 साल से कांग्रेस से जुड़े थे। इसी साल उनके राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हुआ था, जिसके बाद पार्टी ने उन्हें दोबारा राज्यसभा नहीं भेजा था।

माना जा रहा है कि उनकी नाराजगी की एक वहज यह भी थी। इसके अलावा उन्होंने जी-23 बनाया, जिसमें कांग्रसे के असंतुष्ट नेता थे। ये लोग पार्टी में मजबूत नेतृत्व की मांग कर रहे थे। साथ ही तमाम बदलाव के सुझाव भी दे रहे थे। इनकी मांगों को गंभीरता से न लिए जाने के कारण आजाद ने पार्टी से इस्तीफा दिया था।

## 'कोटा भेजने से पहले बच्चों की काउंसलिंग करें'

**कोटाः** देश के सबसे बड़े कोचिंग हब कोटा में एक महीने के भीतर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली। ऐसे में विशेषज्ञों ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी के लिए बच्चों को कोटा भेजने से पहले उनकी काउंसलिंग कराएं। विशेषज्ञों और मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि कोटा भेजने से पहले छात्रों की पेशेवर योग्यता को जांचना चाहिए। मानसिक रूप से उन्हें मजबूत करना चाहिए और उनके भीतर रोजमर्रा के कामों के अनुसार ढलने की क्षमता विकसित करनी चाहिए।

**बच्चों की करानी चाहिए काउंसलिंगः** न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मनोरोग



विभाग के प्रमुख डॉ. चंद्रशेखर सुशील ने कहा कि बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर बनाने के लिए दबाव डालने के बजाय माता-पिता उनकी काउंसलिंग कराएं और फिर यह तय करें कि उनके लिए क्या बेहतर है। ज्यादातर अभिभावक बिना किसी तैयारी के बच्चों को कोचिंग के लिए भेज देते हैं और उनका ध्यान सिर्फ वित्तीय और साजो सामान की व्यवस्था करने पर होता है। कोटा में कोचिंग कर रहे चार छात्रों की आत्महत्याओं ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर नई बहस छेड़ दी है, जो परिवारिक अपेक्षाओं और पाठ्यक्रम का बोझ नहीं झेल पाते हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल काउंसलर और छात्र व्यवहार विशेषज्ञ हरीश शर्मा ने बताया कि जब छात्र कक्षा 5 या फिर 6 में होता है तो अभिभावक यह तय कर लेते हैं कि दो-चार साल में बच्चे को कोटा भेज देंगे। ऐसे में अभिभावक बेटे को कोटा भेजने की योजना पर काम करने लगते हैं और पैसे बचाना शुरू कर देते हैं। हरीश शर्मा ने बताया कि अभिभावक पेशेवर तौर पर यह नहीं सोचते हैं कि क्या उनका बेटा वास्तव में ऐसा करना चाहता है।

## यूपी में बिछ रहा पुलों का जाल

### 2022 में 33 सेतुओं का शिलान्यास, योगी सरकार 12 माह में 13 आरओबी सहित 33 सेतुओं की दे चुकी है सौगात

**लखनऊ।** प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना को मजबूत आधार देने में जुटे मुख्यमंत्री मंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक के बाद एक सड़क और सेतुओं के निर्माण की गति उत्तर प्रदेश में दिख रही है। केवल 2022 में ही यूपी में 33 सेतुओं के निर्माण का कार्य शुरू हुआ है, जिनमें 13 रेलवे ओवर ब्रिज भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लगातार मिल रहे निर्देश और किये जा रहे निरीक्षण के फलस्वरूप उम्मीद की जा रही है कि 2023 में इनमें से ज्यादातर को पूरा कर लिया जाएगा, इसके बाद यातायात कनेक्टिविटी में और तेजी आएगी।

**अयोध्या में बन रहे सबसे ज्यादा सेतुः** गंगा, गोमती, सई, टोंस सहित प्रदेश की अन्य नदियों और रेलवे समपारों पर बन रहे इन सेतुओं और आरओबी की बात करे।

तो इनमें सबसे अधिक संख्या अयोध्या में बन रहे पुलों की है। योगी सरकार का पूरा फोकस अयोध्या को विश्वस्तरीय शहर बनाने को लेकर है। ऐसे में लगभग आधा दर्जन नए सेतुओं के जरिए प्रभु श्रीराम की नगरी को प्रदेश के अन्य जनपदों से बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए नये-नये पुलों का निर्माण तेज गति से चल रहा है। श्रीराम नगरी अयोध्या में सबसे अधिक छह सेतु का निर्माण हो रहा है। इसी प्रकार पूर्वांचल के दो महत्वपूर्ण जिले जौनपुर और बलिया में चार-चार सेतु, प्रतापगढ़ में तीन सेतु, गोरखपुर और बस्ती में दो-दो सेतु के अलावा बरेली, भदोही, झांसी।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश में लाठी डंडे लोहे की राड से हुई मार पीट में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दो युवकों ने एक को लाठी डंडे लोहे की राड से मार कर जख्मी कर दिए। तथा बाइक तोड दी। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम भिखनापुर अलावलपुर निवासी शिवमंगल पाल पुत्र बृजलाल का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पहले से ताक में लगे उसके गांव के दो लोग उस समय उसके ऊपर हमला कर दिए जब वह अपनी पुत्री को बाइक से लेने जा रहा था। शिवमंगल पाल का आरोप है कि वह मरखामऊ ऊसरा के पास पहुंचे तभी उनके ऊपर हमला कर दिए और बाइक क्षतिग्रस्त कर दी गई। शिवमंगल पाल ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर शिवमूरत और अनुज उर्फ सत्यम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# सालभर से नहीं हो पाया मनरेगा का भुगतान, बीडीओ से मिले प्रधान

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत करवाए गए पक्के कार्यों का अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। इसे लेकर शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के प्रतिनिधि मंडल ने खंड विकास अधिकारी से मुलाकात की और भुगतान न होने के कारण हो रही समस्याओं से अवगत कराया।

प्रधान संघ के मुखिया पुष्पराज सिंह की अगुवाई में ब्लाक मुख्यालय पहुंचे प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी से कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 में मनरेगा के तहत करवाए गए पक्के कार्यों का अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। इस मामले में कई बार शिकायत की गई, लेकिन हर बार बजट न होने का बहाना बनाते हुए टरका दिया जाता है। प्रधानों के

### खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ को सौंपा मांगपत्र




प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि 29 दिसंबर को प्रदेश सरकार द्वारा धन उपलब्ध कराए जाने के बाद भी सीआईबी बोर्ड का भुगतान किया गया, जबकि सामग्री के भुगतान को लेकर आनाकानी की गई। भुगतान नहीं किए जाने के कारण प्रधानों को तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के अंदर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो प्रधान संघ मनरेगा सेल में तालाबंदी के साथ-साथ ब्लाक मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इसकी सारी जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी की होगी।

भुगतान को लेकर खंड विकास अधिकारी से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। प्रधानों ने इस आशय की शिकायत बीडीओ के साथ-साथ सीडीओ और आयुक्त (मनरेगा) से भी की है। इस मौके पर प्रधान जूही दिनेश कुमार मिश्र, पृथ्वीराज साहू, मूलचंद्र भारतीय, महेश प्रसाद सिंह,शैलेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, गुलाब सिंह,अरविंद सिंह, कामद प्रताप सिंह, सुभाष कुमार, रामजतन, श्यामबाबू यादव, शंकरलाल पांडेय, विश्वंभर नाथ मिश्र, कामता सिंह, राजकरन सिंह, संतोष कुमार सिंह, सूरज सिंह, महेश कुमार सिंह, बैजनाथ आदि मौजूद रहे।

### इवैन्जलिकल चर्च ऑफ इण्डिया एवं मिशन हास्पिटल, से शुआट्स का कोई संबंध नहीं

**नैनी।** शुआट्स, प्रयागराज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया है कि इवैन्जलिकल चर्च ऑफ इण्डिया एवं मिशन हास्पिटल से शुआट्स का कोई संबंध नहीं है। कतिपय असमाजिक तत्व झूठा प्रचार कर रहे है। शुआट्स मीडिया प्रभारी डा0 रमाकान्त दूबे ने बताया कि वर्ष 1910 में स्थापित संस्थान में विदेश एवं भारत देश के विभिन्न प्रान्तों से लगभग 12000 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। हरीहरगंज स्थित इवैन्जलिकल चर्च ऑफ इण्डिया एवं मिशन हास्पिटल, थाना-कोतवाली, जनपद-फतेहपुर का विश्वविद्यालय से कोई सम्बन्ध नहीं है। रेव्ह0 फिल डेल्सो को विश्वविद्यालय द्वारा थियोलॉजी में मानक उपाधि प्रदान की गई थी जिसको ग्रहण करने हेतु वे विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षान्त समारोह में दिनांक 18/03/2015 को आये थे। असमाजिक तत्वों द्वारा जिस फोटोग्राफ को प्रस्तुत किया जा रहा है वह भ्रामक एवं दुष्प्रचार का साधन मात्र है। जबकि सत्यता यह है कि रेव्ह0 फिल डेल्सो, बिशप राजेन्द्र बी0 लाल, पास्टर जय प्रकाश, पास्टर राजेश कुमार एवं पास्टर मूरत लाल के साथ चर्च प्रार्थना में शामिल हुए थे। यीशु दरबार चर्च के नाम से कभी भी कोई एफसीआरए का खाता नहीं है, जिसके द्वारा किसी भी प्रकार की विदेशी वित्तीय मुद्रा प्राप्त नहीं की गई है तथा शुआट्स की संस्थापक सोसाइटी का एफसीआरए भी पिछले आठ वर्षो से संचालित नहीं है।

## न्यूज झरोखा...

### प्राइमरी के बच्चों ने आनंद भवन और तारा मंडल का किया भ्रमण

चंद्रशेखर आजाद पार्क में भी बच्चों ने देखी ऐतिहासिक विरासत



**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत चयनित 50 बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के लिए शुक्रवार को आनंद भवन ले जाया गया। बीईओ शंकरगढ़ की अगुवाई में बच्चों ने भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु के रहन-सहन और उनकी जीवनी को करीब से देखा। आनंद भवन प्रांगण में स्थित तारामंडल में जाकर बच्चों ने ब्रह्मांड की बारीकियों को समझा। उसके बाद बच्चों को चंद्रशेखर आजाद पार्क ले जाया गया। जहां पर बच्चों ने संग्रहालय में जाकर ऐतिहासिक धरोहर को करीब से देखा और उनके बारे में जानकारी एकत्रित की। तदुपरांत बच्चों ने गार्डन स्थित फूल वाटिका में जाकर फूलों के बारे में जानकारी ली और अपनी नोटबुक में नोट किया। एक्स्पोजर विजिट में विकास खंड शंकरगढ़ के एआरपी कृष्ण कुमार सिंह, जय सिंह, मनोज कुमार केसरवानी, मंगला प्रसाद सिंह, अमित कुमार सिंह एवं शिक्षकों में विजय सिंह, अनिल कुमार सिंह, अजय सिंह एवं किरण सिंह ने विजिट के दौरान सभी बच्चों को स्थलीय जानकारी दी।

### आवारा पशुओं से फसलें बर्बाद, संकट में फंसे किसान



**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को बड़ा नुकसान पहुंच रहा है, जिससे किसानों की हैरानी बढ़ गई है।एक ओर उपजाई गई फसलों को बाजार नहीं मिल रहा, धान के पैसे नहीं मिल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इन आवारा पशुओं ने किसानों की रातों की नींद भी हराम कर दिया है।किसानों ने किसी तरह प्रबंध करके पशुओं से सुरक्षा करने के लिए जाल लगा दिया है, फिर भी पशु खेतों में घुस जाते हैं और रातभर खेतों में फसलों को चरने के साथ साथ बर्बाद भी करते हैं। गाँव सभा में पशुओं के आश्रय स्थल भी बनाये गए हैं,फिर भी आवारा पशुओं की भरमार है।किसानों ने सरकार से आवारा पशुओं पर रोक लगाए जाने की माँग किया है।

### एंबुलेंस में गूँजी किलकारी



**नैनी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों और एंबुलेंस चालक की सतर्कता से प्रसव पीड़ा से बेहाल प्रसूता की एंबुलेंस में प्रसव कराया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि घोंघापुर निवासी इरशाद की पत्नी शमा की प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो परिजनों ने सीएचसी चाका में तैनात 102 एंबुलेंस को फोन कर मदद मांगी।थोड़ी देर में एंबुलेंस वहां पहुंची और पीड़िता को लेकर अस्पताल जाने लगी। रास्ते में ही प्रसूता को असहनीय पीड़ा होने लगी तो गाड़ी रोककर आशा रामादेवी ने प्रसूता का प्रसव कराया। जच्चा और बच्चा दोनो को बाद में स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां दोनो की हालत स्वस्थ बताई जा रही है।

### स्वास्थ शिविर अरैल का सीएमओ ने किया उद्घाटन



**करछना।** माघ मेला की प्रगति को देखते हुए शुक्रवार को सेक्टर 1अ अरैल में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्वर प्रथम बने स्वास्थ्य शिविर अरैल का उद्घाटन सीएमओ प्रयागराज के द्वारा किया गया है जिसमें सीएमओ के अलावा सब चार्ज डॉक्टर एके तिवारी सैनिटेशन प्रभारी डॉ आनंद सिंह डॉक्टर जयकिशन सोनकर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव राजकुमार गुप्ता बीएल सिंह चंदन सिंह भानु सिंह मलेरिया इंस्पेक्टर जितेन कुमार सिंह अजीत कुमार सिंह गजेंद्र तिवारी नागेंद्र सिंह संतोष सिंह रानू सिंह राजेश कुमार यादव उपस्थित रहे उद्घाटन करने के उपरांत सीएमओ प्रयागराज द्वारा कार्य की प्रगति अवलोकन किया गया यह कार्य को और प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया है।

### मतदान मजबूत लोकतंत्र का आधार : मनीष



**करछना।** अच्छे,सच्चे और मजबूत लोकतंत्र हेतु सभी को मतदान करना बहुत जरूरी है। मतदान यग्य के समान एक पुनीत कार्य है जिससे हम सब वोट देकर अपने देश समाज के लिए एक अच्छे जनप्रतिनिधि को चुनते हैं। सभी बच्चे इसके लिए अपने घर,गांव,पास पड़ोस के लोगों को जागरूक करें। क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इं का.में मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैली के पूर्व प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने यह बातें बच्चों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए कही। बच्चों ने सुन्दर और आकर्षक पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में तनवीर फात्मा को पहला,रहनुमा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।अदीबा तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल से निकली जागरूकता रैली रामपुर चौराहे से होकर वापस विद्यालय पहुंचने के बाद सभी ने मतदान के प्रति संकल्प लिया।इस मौके पर प्रवक्ता जीतेन्द्र कुमार,प्रदीप श्रीवास्तव,मो.परवेज सिद्दीकी, चन्द्र शेखर सिंह,सुधा सिंह समेत शिक्षक कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** जूनियर शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर विकासखण्ड शंकरगढ़ की संघ इकाई द्वारा नई पेंशन योजना जबरदस्ती शिक्षकों पर थोपे जाने के विरोध व प्रान नम्बर न होने पर वेतन रोकने की धमकी दिए जाने के विरोध मे शिक्षाधिकारी शंकरगढ़ शैलपति यादव के प्रतिनिधि सोम कुमार जायसवाल को ब्लाक अध्यक्ष अजय सिंह व मंत्री धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय की अगुवाई मे ज्ञापन दिया गया। बता दें कि इस दौरान ब्लाक के पदाधिकारियों और सैकड़ो शिक्षकों ने धरना कार्यक्रम भी रखा। वित्त लेखा नियंत्रक की गतिविधियों के खिलाफ एक ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम भी दिया गया। ब्लाक मंत्री धर्मेंद्र पाण्डेय ने बताया कि नई पेंशन योजना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती स्वीकार करने का प्रयास किया जा रहा है तथा न स्वीकार करने की स्थिति में जबरन वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार है। यह योजना 01 अप्रैल 2005 में में लागू की गई थी। जो कि स्वैच्छिक है। 17 वर्षों बाद इस प्रकार की जबरदस्ती किया जाना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ अन्याय है। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए श्री पाण्डेय ने प्रदेश के लाखों लाख बेसिक शिक्षकों की तरफ से यह




अनुरोध किया है कि वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश के जबरन नई पेंशन योजना स्वीकार करने तथा वेतन से जबरन कटौती करने व वेतन रोकने सम्बन्धी तानाशाही पूर्ण आदेशों को निरस्त किया जाये साथ ही प्रदेश के शिक्षको कर्मचारियों के अभिभावक होने के नाते सभी को 01 अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन का लाभ देने दिया जाये। इस मौके पर राम सिंह, कल्याण चन्द्र द्विवेदी, विजय सिंह, अशोक यादव, राजेन्द्र सिंह, अरुण कुमार त्रिपाठी, विजयधर द्विवेदी, नृपेंद्र सिंह, अजयसिंह, दिनेश,सिंह शेष प्रताप सिंह, राजू सिंह, पुष्पराज ओझा, देवेन्द्र सिंह आदि सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया।

# मुखबिर की सूचना पर मौहरिया मोड़ से धरे गए तीन चोर

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की एक बाइक, विभिन्न स्थानों से चुराए गए बर्तन और एक तमंचा-कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों का चालान भेज दिया है। यह गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मौहरिया मोड़ के पास से की गई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने की टीम ने मौहरिया मोड़ के पास घेराबंदी करके प्रशांत कुशवाहा उर्फ सन्नू पुत्र प्रभुनाथ कुशवाहा (निवासी अतरैला, सोहागी, रींवा, एमपी), कुलदीप बंसल पुत्र संतलाल बसोर (निवासी खटिया, सोहागी, रींवा, मध्यप्रदेश) और सुनील गोस्वामी उर्फ रंचू पुत्र भोला गोस्वामी (निवासी खटिया, सोहागी, रींवा,

### चुराए गए हजारों रुपये के बर्तन, चोरी की बाइक और तमंचा बरामद




एमपी) को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के कब्जे से दो गैस सिलेंडर, एक परात, खाने के बर्तन, कुकर, आलानकब, चोरी की मोटरसाइकिल, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। एसओ ने बताया कि प्रशांत के खिलाफ शंकरगढ़ और घूरपुर थाने में कुल आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। जबकि कुलदीप बंसल के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में पांच और सुनील गोस्वामी के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में चार मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई संतोष कुमार सिंह, विवेक कुमार राय, कांस्टेबल इंद्रजीत यादव, गोपाल सिंह मौजूद रहे।

# पीएम मोदी की माता के निधन पर किया गया शोक श्रद्धांजलि



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 100 वर्षीय माता हीराबेन के आकस्मिक निधन पर विकास खण्ड सहसों के प्रांगण में प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता में भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने माता हीराबेन के आकस्मिक निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया तथा उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी माता को हम सादर वंदन करते हुए हम लोग उन्हें शत शत नमन करते हैं जिन्होंने इस देश को अपने होनहार सपूत नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में इस देश को दिया जोकि इस देश की लाखों माताओं के दुख दर्द को समझते हुए समाज के व देश के गरीबों एवं शोषितों तथा हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर विकास की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किए। मौके पर उपस्थित भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, शाश्वत तिवारी, डॉक्टर राजेंद्र वर्मा, संतोष सिंह, महेश सिंह, राजेश कुमार, श्रीकांत तिवारी, नरेंद्र दूबे, अशोक पाल, युवराज सिंह, विजय कुमार गौतम, सुभाष शुक्ला, विजय सरोज, सोनू सिन्हा, उमेश कुमार, प्रदीप यादव, दिलीप कुमार, अंजनी कुमार, प्रसिद्ध नारायण पांडे, लक्ष्मी कांत पांडे, अरविंद, सुशील सिंह सहित आदि लोगों ने हीराबेन को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इसी क्रम में छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में पीएम मोदी की माता हीराबेन को श्रद्धा सुमन के साथ विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा गंगापार जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा कि आज हम लोगों पीएम मोदी की माता को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हीराबेन पीएम मोदी की माता के साथ-साथ हम सब के लिए आदरणीय, पूजनीय एवं प्रातः बंदिनी रहेंगी हम सब उन्हें सहृदय नमन करते हैं। इस अवसर पर राघवेंद्र सिंह सिंह सिंगरौर, पुष्कर सिंह, शिव नारायण सिंह गप्पू , संदीप दूबे , विजय कुमार, भूपेंद्र मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

इसी प्रकार भाजपा कार्यालय सहसों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पूज्य माताजी के आकस्मिक निधन पर अत्यंत दुःख व्यक्त करते हुए शोक प्रकट किया गया। मौके पर उपस्थित भाजपा गंगापार के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष व भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के माता के आकस्मिक निधन पर आज हम सब ही नहीं पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ता इस दुःख घड़ी में परिवार के साथ समस्त देशवासी उनके साथ खड़े हैं तथा ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं इस दुखद समय में प्रधानमंत्री सहित परिजनों , शुभचिंतकों को साहस प्रदान करते हुए संबल प्रदान करें। इस अवसर पर प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू , मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज, जितेन्द्र सिंह पटेल, राजधर द्विवेदी, महामंत्री संजय सिंह, राजेश सरोज, महेश सिंह, राजेंद्र केसरवानी, सुरेश तिवारी, प्रमोद शुक्ला, राजेंद्र यादव , अनिल पटेल, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रविंद्र बहादुर सिंह, अमन सिंह राजपूत , अंकित राज एवं रंजना सिंह परिहार समेत आदि लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दिया।

### भाजपा कार्यकताओं ने प्रधान मंत्री के मां को अर्पित की श्रद्धांजलि

भाजपा जिलामंत्री यमुनापार की अगुआई में भाजपाइयों ने जसरा में की शोक सभा




**जसरा।** त्याग व तपस्या की मूर्ति थी मां हीरा बा उनका निधन अपूर्णीय क्षति है। आज पूरा देश आदरणीय प्रधान मंत्री जी के साथ उनके दुख में खड़ा है पुरे विश्व को अपने सामने झुका लेने वाले प्रधान मंत्री जी के माता जी को नमन जिन्होंने ऐसा सपूत दिया जिसने पूरे विश्व में भारत का डंका बजाया उक्त बातें जसरा में आयोजित शोक सभा कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कही शोक सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने कहा की देश के लिए एक सुपर पावर देने वाली मां हीरा बा को शत शत नमन। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजा बाबू पाठक, इंद्रजीत पटेल, वीरेंद्र पाठक, दिनेश प्रजापति, सुबोध जायसवाल, अमित पासी, रजनीश, नरेंद्र, गोपाल केसरवानी, आलोक द्विवेदी, निधिष पाठक, अशोक तिवारी, राकेश पाठक, स्वतंत्र शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### मोदी जैसे युग पुरूष की जन्मदात्री माँ हीराबेन को सर्वधर्म ने दी श्रद्धांजलि



**नैनी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने अपने सर्व धर्म सहयोगियों के साथ कर्बला अरैल चौराहे पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ श्रीमती हीराबेन पटेल के देहावसान पर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि प्रदान करते क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि माँ का दुनिया से चले जाना एक संतान के लिए सबसे बड़ी त्रासदी है,माँ साक्षात भगवान का ही रूप होती है,यह दर्द बहुत बड़ा होता है,फिर वो माँ आम इंसान के हो या देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के, भावना वही होती है। विनम्रश्रद्धांजलशोक संवेदना व्यक्त करने वालों में सरदार पतविंदर सिंह,महंत परमात्मा दास,जुम्मन शाह,जनाब साहबजादे,मुख्तार अहमद,मंसूर अहमद,मोहम्मद मियां,सगन खान,बच्चे खान,गुड्डू ,अख्तर अली,दिलशाद, सोनू शाह,असलम,अंशु प्रजापति, प्रदीप त्रिपाठी,हरमनजी सिंह,दलजीत कौर बड़ी संख्या में सर्व समाज ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### माधव ज्ञान केन्द्र इं.का. में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**नैनी।** माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी प्रयागराज में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता श्रीमती हीराबेन जी के निधन पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ क जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने शोक व्यक्त करते हुए समस्त भैया वहनों के मध्य में 1 मिनट का मौन धारण करवाया, एवं दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई क इस दौरान विद्यालय के आचार्य बनवारी लाल चौरसिया की माताजी के निधन पर भी विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई, एवं इन दोनों दिवंगत आत्माओं के छवि चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरकारी भूमि व हरिजन खाते की जमीन पर दबंगों का कब्जा

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के नवली गाव मे सरकारी भूमि व हरिजन खाते की जमीन मे दबँगों द्वारा निर्माण कार्य कर कब्जा किया जा रहा है। गांव की पूर्व प्रधान व अन्य लोगों ने उप जिलाधिकारी कोउप जिला अधिकारी को लिखित पत्र के माध्यम से अवगत कराया है नवली थाना उतराव गांव में दबँगों द्वारा जबरन सरकारी भूमि व हरिजन खाते की जमीन पर कब्जा किया जा रहा हैं । गांव के ही पूर्व प्रधान गेंदा देवी ने बताया कि हमारे कार्यकाल में मनरेगा मजदूरों द्वारा हरिजन आबादी की जमीन पर खुदाई कराकर गांव के पानी की निकासी बनाया गया था। जिससे गांव के रोजमर्रा का पानी इसी गड्ढे में आए वही दबंगों द्वारा सरकारी भूमि व हरिजन आबादी भूमि पर जबरन निर्माण कार्य कर कब्जा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वर्तमान प्रधान पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। वही गांव के ही लालता प्रसाद व गीता देवी ने उपजिलाधिकारी को लिखित पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य को रोके जाने तथा सरकारी भूमि व आबादी की जमीन को खाली कराए जाने की मांग की है। निर्माण कार्य हरिजन आबादी की जमीन में हो जाने से गांव के पानी की निकासी होने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

# मौत को दावत दे रहे हैं ट्रांसफार्मर व बिजली के पोल

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मर खुले में लगे होने के कारण मौत को दावत दे रहे है। यही बिजली के पोल झुके होने के कारण किसी भी समय धराशायी हो सकता है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में लगे ट्रांसफार्मर सडकों के किनारे खुले में लगे हुए हैं। यही नहीं अधिकांश विद्युत पोल सड कर झुक गए हैं। जिससे किसी भी दिन कोई बडा हादसा हो सकता है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि हैं विद्युत विभाग को इस ओर कोई ध्यान नहीं जाता है। वह बस चेकिंग अभियान के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न एंव धनादोहन करना एक मात्र कार्य रह गया है। इन दिनों विद्युत उपभोक्ता विद्युत विभाग से ऊब गए हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिल जमा होने एंव बाईपास न होने के बावजूद कनेक्शन अनायास काट दिया जा रहा है। बोलने पर कहा जाता है कि जाकर जुडवा लो। उपभोक्ताओं का सबसे गंभीर आरोप यह है कि घर में पुरुषों की गैर मौजूदगी में घरों में चेकिंग अभियान के नाम बिना महिला कर्मचारियों के घरों में घुस जाते हैं जिससे महिलाएं अजनबी लोग समझ कर शोर मचाने लगती हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि यदि वह बोलते हैं तो धमकी दी जाती है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने के नाम पर जेल भेज देंगें। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कनेक्शन सही होने और बिल जमा होने के बावजूद भी एक तरफ से केबिल काटी जा रही है। विगत दिनों एक दलित के घर

### नगर पंचायत के उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग पर चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न का लगा रहे हैं आरोप





में घुस गए महिलाओं ने आपत्ति किए और शोर मचाए तो आस पास के लोग एकत्रित हो गए। अन्यथा पिटना तय था। हालांकि मऊआइमा नगर पंचायत के उपभोक्ताओं ने इसकी लिखित शिकायत आला अधिकारियों से की है। चारों तरफ खुले में लगे ट्रांसफार्मर ,झुके पोल ,झूलते तारों को ठीक न करके केवल अपने निजी स्वार्थ के लिए विद्युत विभाग उपभोक्ताओं का उतपीडन कर रहा है। जिसे लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है वही लोगो का कहना है कि जनता कब सडक पर उतर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक विधायक लाल बिहारी यादव का प्रयाग आगमन आज

**करछना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (विवि गुट) के प्रदेश अध्यक्ष/ पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद एवं शिक्षक विधायक मा. लाल बिहारी यादव जी कार द्वारा प्रयागराज में 31 दिसम्बर 2022 को पधार रहे हैं। इलाहाबाद-झाँसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सपा एवं वित्तविहीन गुट के संयुक्त प्रत्याशी डॉ0 एस0 पी0 सिंह पटेल के समर्थन में जनपद के जमुनापार क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने समस्त शिक्षक, प्रधानाचार्य व प्रबंधकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर समाजवादी पार्टी एवं वित्तविहीन गुट के संयुक्त प्रत्याशी के समर्थन में अपने नेता का स्वागत कर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर डॉ. एस0 पी0 सिंह पटेल को जितानेे हेतु उपस्थित हो।

# डीएम ने कार्यों में लापरवाही पर मेजा व कोरांव के प्रभारी चिकित्साधिकारियों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं**

**जिलाधिकारी ने हेल्थ एटीएम लगाने एवं वेल्नेस सेंटर के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के दिए निर्देश**


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी प्रयागराज

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जेएसवाई, प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों की समीक्षा की। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रसूताओं को मिलने वाले इंसेंटिव का शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। बहरिया में जेएसवाई के भुगतान की प्रगति ठीक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होंने आशाओं का भी भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने हेतु कहा है। कोरांव एवं मेजा में हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के रजिस्टेशन की प्रगति खराब पाये जाने पर जिलाधिकारी ने वहां के प्रभारी चिकित्साधिकारी का वेतन रोके जाने के निर्देश दिया है। बच्चों के पूर्ण टीकाकरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मेजा की प्रगति खराब पाये जाने पर वहां के प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं पूर्ण टीकाकरण के कार्य में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर वीसीजी, मिजल्स रूबेला टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को ड्यू लिस्ट अपडेट रखने एवं ड्यू लिस्ट के अनुसार कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत कैम्प चलाकर नसबंदी कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मंत्रा एप, ई-कवच, आरसीएच पोर्टलों पर फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत रूप से कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने हेल्थ एटीएम एवं वेल्नेससेंटर के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्साधिकारियों को चिकित्सालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने बिजली एवं बिल्डिंग के कार्यों की जांच करते हुए जो भी खराब पाये जाये, उनको तत्काल ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने चिकित्सकीय उपकरणों को चेक करते हुए खराब उपकरणों को 15 दिन में ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को मरीजों से अच्छा व्यवहार किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने अगली बैठक तक 40 से अधिक उम्र वाले लोगो के चेकअप की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के लिए कहा है। संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत स्वास्थ्य टीम को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का शत-प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। स्वास्थ्य से सम्बंधित जो योजनाएं संचालित है, उनका अच्छी तरह से क्रियान्वयन करते हुए लोगो को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, मुख्य चिकित्साधिकारी नानक शरण, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सभी प्रभारी चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### हंडिया में पत्नी ने कराया पति का अपहरण, प्रेमी संग मिलकर किया हत्या का प्रयास, नवंबर में हुई थी शादी

**प्रयागराज।** हंडिया के उतरांव थाना क्षेत्र के खोदायपुर गांव में नवविवाहिता बीवी ने अपने प्रेमी संग साजिश रच कर पति का अपहरण करा दिया। जिसके बाद उसने प्रेमी समेत चार युवकों ने युवक की हत्या करने का भी प्रयास किया। मामले में युवक ने थाने में नामजद तहरीर दी है।खोदायपुर गांव निवासी दलित युवक रंजीत की शादी इसी वर्ष नवंबर महीने में उतरांव थाना क्षेत्र के भदवां गांव में हुई थी। रंजीत का आरोप है कि 21 दिसंबर को उसकी बीवी उसे बारों चौराहे पर पिता की तबीयत खराब होने की बात कह कर देखने के लिए वहां भेजा था।

**नवंबर 2022 में हुई थी शादी :** जब वहां गया तो उसकी बीवी का प्रेमी अपने साथ अन्य तीन युवकों के साथ उसका अपहरण कर रहिमापुर स्थित एक बाइक एजेंसी के पास सुनसान स्थान पर ले गए। जहां मफलर से गला कस कर हत्या की कोशिश करते हुए जमकर पिटाई कर दी।

**अपहरणकताओं के चंगुल से भागकर पहुंचा अपने घर :** जान न बचता देख रंजीत किसी प्रकार से अपहरणकताओं के चंगुल से अपनी जान बचाते हुए वहां से किसी तरीके से भागा और पास में ही मौजूद एक बाइक एजेंसी में जाकर अपनी जान बचाने की लोगों से गुहार लगाई। जिसके बाद लोगों की मदद से वह अपने घर पहुंचा।

**पत्नी सहित अज्ञात 4 लोगों के खिलाफ थाने पर दी तहरीर:** पीड़ित रंजीत ने बताया कि जब वह अपने घर पहुंचा तो उसकी बीवी घर से गायब मिली। जिसके बाद युवक अपनी पत्नी सहित अन्य चार अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पीड़ित युवक के तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपी युवक और विवाहिता की तलाश में जुटी है।

### उससाने पर किशोरी ने कर ली थी खुदकुशी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** प्रेम प्रसंग में किशोरी ने आत्महत्या कर ली थी। जिसपर मृतका के पिता ने बेटी के प्रेमी पर आत्म हत्या के लिए उकसाने पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासनीय एक पन्द्रह वर्षीय किशोरी ने प्रेमी के नाम पर मांग में सिन्दूर भर कर 26 दिसम्बर की रात्री में दुपट्टे से फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली थी। बताते हैं कि खुदकुशी से पहले किशोरी मोबाइल से अपने प्रेमी से आधा घंटा बात की थी। पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाकर दफना दिया गया था। शुक्रवार को मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दीपक कुमार पुत्र राम सेवक के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### दिल्ली से घर जा रहा युवक लापता



**मेजा रोड।** दिल्ली से घर के लिए निकला युवक अचानक लापता हो गया जिसे लेकर परिजन हताश परेशान है।मेजा थाना क्षेत्र के डेलौहा पौसिया निवासी सौम्य रंजन सिंह बुधवार को दिल्ली से घर के लिए निकला था गुरुवार सुबह 8:15 युवक मेजारोड पहुंचने की जानकारी फोन के माध्यम से परिजनों को दिया कि वह मेजारोड पहुंच गया है लेकिन उसके थोड़ी ही देर बाद युवक का फोन अचानक बंद हो गया और तब से युवक का कुछ पता नहीं चल सका हताश परेशान परिजन युवक की तलाश में थाने में पहुंच तहरीर देकर युवक के बरामदगी की गुहार लगाई है।

# तीर्थ पुरोहितों ने मेला अधिकारी को दिया ज्ञापन



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** अरैल में तीर्थपुरोहितो की एक बैठक में मेला प्रशासन की भूमि आवंटन पर विरोध किया गया है। इस संबंध में तीर्थ पुरोहितों ने शुक्रवार को मेला अधिकारी, प्रयागराज मेला प्राधिकरण को बृजेश पांडे के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपकर काली मार्ग दक्षिण पट्टी व उत्तर पट्टी पर संस्थाओं को भूमि आवंटन का विरोध किया है। तीर्थ पुरोहितों के अनुसार विगत वर्षों पर इस जगह उन्हें स्थान आवंटित किया गया था और मांग की है कि विगत वर्ष की तरह या स्थान तीर्थ पुरोहितों को दिया जाए और और चेताया है कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो तीर्थ पुरोहित कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर बृजेश कुमार पांडे आनंद पांडे शंकर लाल पांडे दिनकर पांडे मोहनलाल पांडे राधेश्याम पांडे विकास पांडे शिबू पांडे गोपेश पांडे श्री प्रसाद तिवारी शंकर प्रसाद पांडे विनय शंकर मिश्रा पवन मिश्रा लाल साहब शर्मा रंगनाथ पांडे ननकू पांडे अर्जुन प्रसाद मिश्र सतीश दुबे गोपाल दुबे आदि लोग शामिल थे।

# हमारा आँगन, हमारे बच्चें उत्सव फूलपुर में सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** बुनियादी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्री-प्राइमरी शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय हमारा आँगन-हमारे बच्चे उत्सव विकास खण्ड फूलपुर में स्थित मोती पैलेस में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद वर्मा दीपप्रज्जवलित कर किया। ततपश्चात एडीओ पंचायत गुलाब चन्द पाण्डेय तथा श्रीमती रेनू कुमारी सुपरवाइजर एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी विश्व नाथ प्रजापति ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए किया। शिक्षक संकुल सीमा शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी विश्व नाथ प्रजापति द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा आज के उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बुनियादी शिक्षा को कैसे मजबूत किया जाए के लिए समयबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया गया । समयान्तर्गत निपुण के लक्ष्य को प्राप्ति का सभी शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने उत्सव में संकल्प लिया। एआरपी प्रभाशंकर त्रिपाठी द्वारा राज्य स्तरीय निपुण भारत मिशन पर चर्चा किया गया तथा कृतसंकल्प को दोहराते हुए मिशन को प्रत्येक दशा में प्राप्त करने की बात कही गयी। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में श्री दिनेश कुमार मिश्र ,श्री उमापति पांडे, श्री मिथिलेश यादव तथा श्रीमती रेनू ने भी शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का निपुण लक्ष्य संप्राप्ति हेतु हौसला बढ़ाया।यह कार्यक्रम एक ही परिसर में संचालित विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के कक्षा एक को पढ़ाने वाले अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के संयुक्त बैठक में बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री नीरज सिंह द्वारा किया गया।स्कूल रेडिनेश पर चर्चा करते हुए एआरपी रमेश गुप्ता ने बाल बाटिका को कैसे मजबूत बनाया जाय पर चर्चा किए। बुनियादी शिक्षा पर आधारित नाटिका कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बालिकाओं ने बालिका शिक्षा पर लघु नाटिका प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत शिवानी, श्रेया, जान्ह्वी पटेल, अंश कुशवाहा,कृष्णा मौर्या, अभय यादव, अंकिता, एवं अन्य को बेस्ट परफॉर्मर स्टूडेंट्स को मोमेंटो देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की गयी। कार्यक्रम का समापन करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी विश्व नाथ प्रजापति ने बीडीओ, एडीओ पंचायत, सीडीपीओ, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन के स्मृतिचिन्ह देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

### जल शक्ति मंत्री ने अभियंताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित



**प्रयागराज।** राम मनोहर लोहिया परिकल्पना भवन लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और जय प्रकाश निषाद द्वारा जनपद प्रयागराज मेजा क्षेत्र के नहरों की सिल्ट सफाई कार्य एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बेलन नहर प्रखण्ड सिंचाई विभाग, प्रयागराज के अधिशासी अभियंता इं. सुरेश चन्द्र यादव, सहायक अभियंता इं. प्रमोद कुमार सरोज, अवर अभियंता इं. कैसुद्दीन,अवर अभियंता इं. मनोज कुमार यादव को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल विहारी बाजपेयी के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नई पेंशन योजना को जबरन स्वीकारने के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**


खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**घूरपुर।** वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा 22 दिसंबर को जारी पत्र नई पेंशन योजना स्वीकार करने और ना करने पर वेतन रोकने के निर्देश पर बेसिक शिक्षको में काफी रोष है । जिसके क्रम में शुक्रवार को जसरा विकास खण्ड के शिक्षकों ने उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल(पूमा) शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष /मंडल उपाध्यक्ष मनोज पाठक के नेतृत्व में माननीय मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित बीईओ जसरा को सौंपा । इस बीच शिक्षकों ने कहा कि वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश के जबरन नई पेंशन योजना स्वीकार करने तथा वेतन से जबरन कटौती करने व वेतन रोकने सम्बन्धी तानाशाही पूर्ण आदेश से प्रदेश के शिक्षकों को आहत करके रखा है । शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से इस आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की है। इस मौके पर ब्लॉक मंत्री राजेन्द्र अनुरागी, कोषाध्यक्ष शकील अहमद, हरनाम सिंह, रामप्रकाश पाल, विनय कुमार, अनीता पांडेय, निशा त्रिपाठी, आशा दुबे,नीलम सिंह सहित सभी एआरपी व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# लापरवाही : आंगनवाड़ी केंद्रों में अभी भी पूर्व ग्राम प्रधानों का संयुक्त खाता !

**अखंड भारत संदेश**


पूर्व ग्राम प्रधानों का आंगनबाड़ी कार्यकताओं का बैंक खाता अभी तक संचालित होने का दृश्य

**कोरांव।** बाल विकास एवम पुष्टाहार विभाग में घोर लापरवाही देखने को मिल रही है। डेढ़ साल व्यतीत हो रहे किंतु ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ अभी तक पूर्व ग्राम प्रधानों के ही बैंक खाते चल रहे हैं। औरा चलन हो रहा है जो गंभीर मामला है। ब्लॉक कोराव में ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं जहां पूर्व ग्राम प्रधान ही आंगनबाड़ी के साथ संयुक्त खाते में नजर आ रहे हैं। यह मामला अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल प्रयाग्रह अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान अल्हवा ने खोजा। यह बात संबंधित अधिकारी ही बता सकते हैं कि उक्त पूर्व प्रधान गण इस मोहक्में में अभी बैंक खातों का संचालन करते क्यों दिख रहे हैं। ग्राम प्रधान अल्हवा श्री सिद्दीकी ने जब केंद्र का निरीक्षण किया तो उक्त जानकारी हुई। तब जा कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोनकली ने पीएनबी बैंक शाखा में अपने साथ वर्तमान ग्राम प्रधान का खाता एड कराने को तैयार हुई। पूर्व प्रधान श्रीमती जैराजी देवी पटेल का नाम कार्यकर्ता श्रीमती सोनकली के साथ अभी तक चल रहा है। जो विधि विरुद्ध है। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### रविवार को करैली के मेडीकेयर मे उठाएँ मुफ्त परामर्श एवं जाँच शिविर का लाभ

**प्रयागराज।** सावित्रीबाई फूले एजूकेशनल रिसर्च एण्ड मेडीकेयर की ओर से अल नाज टॉवर बारह मार्केट रोड करैली मे रविवार 01 जनवरी प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेषज्ञ डाक्टरों के द्वारा ब्लड शुगर,कैंसर रोग और सेक्स रोग,थाईराइड ,ब्लड प्रेशर,लम्बाई एवं वजन के मरीजो को मुफ्त परामर्श के साथ मुफ्त जाँच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर मे जनरल फिजीशियन, बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति मे मुफ्त दवाईयों का वितरण भी किया जायगा।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 2070 418 वा यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1466 490 अंकपत्र वा प्रमाण पत्र चरवा चौराहे पर फोटोकॉपी कराने जाते समय रास्ते में गिर गया है जिसका प्रयोग अवैध है जिस किसी सज्जन को उपरोक्त कागजात मिले वह नीचे पते पर पहुंचाने का कष्ट करें ।

**कु० शालू पुत्री नन्दलाल**
**ग्राम पूरे अयोध्या मजरा**
**चरवा,जनपद कौशाम्बी ।**

## आईडिया दीजिये और महाकुम्भ का हिस्सा बनिये

**महाकुम्भ 2025 को समावेशी कुम्भ बनाने की पर्यटन विभाग की पहल**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 2019 में आयोजित किये गए दिव्य और भव्य कुंभ ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक पटल पर एक विशेष पहचान दी है। इस आयोजन से यूनेस्को ने इसे विश्व की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर तक घोषित कर दिया था । आगामी महाकुंभ 2025 से विश्व भर की अपेक्षाएं इससे जुड़ी हुई हैं । इसलिए यह महाकुंभ उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक क्षमता, सांस्कृतिक समृद्धि एवं पर्यटन क्षेत्र की सुविधाओं को प्रदर्शित करने का भी बड़ा माध्यम बन सकता है । इन सभी प्रयासों से एक कदम आगे जाकर महाकुंभ अब प्रदेश की 24 करोड़ की जनता के विचारों का भी प्रतिबिम्ब बने इसके लिए सरकार इसे समावेशी रूप देने जा रही है।

**महाकुम्भ के पहले समावेशी महाकुम्भ का आयोजन :** महाकुम्भ के आयोजन में अभी तक सरकारी एजेंसियों के विचार ही समाहित होते थे । लेकिन अब सरकार इससे एक कदम आगे जाना चाहती है । इसके लिए प्रदेश का पर्यटन विभाग अधिक से अधिक लोगों को महाकुम्भ से जोड़ने जा रहा है ।प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि इसमें सरकार ज्यादा से ज्यादा लोगो के विचारों को भी इसमें शामिल करना चाहती हैं उनका यह भी कहना है कि हर किसी के पास एक बहुत बेहतर आइडिया होता है जो अब तक सरकार तक नहीं पहुंच पाता था । इसलिए लोगो के महाकुम्भ से जुड़े आइडिया को सरकार के साथ साझा करने के लिए अब सरकार प्रयास करने जा रही है। इसमें मीडिया के माध्यम से ऐसे सभी लोगो को अपने महाकुभ से जुड़े आइडिया को साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा । इसमें लोग अपना ऐसा कोई सुझाव दे सकते है जो अभी तक महाकुम्भ में अमल में न लाया गया हो और जिससे ज्यादा से ज्यादा पर्यटक इस बार के महाकुम्भ में आये । इससे महाकुम्भ अपने समावेशी स्वरूप में सामने आयेगा जिसमे ज्यादा से ज्यादा लोगो के विचार इसमें शामिल होंगे । क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह के मुताबिक इसके लिए पर्यटन विभाग महाकुम्भ के पहले समावेशी महाकुम्भ का आयोजन करने जा रहा है । इसमें पर्यटन विभाग एक प्रतियोगिता का आयोजन करेगा जिसमे लोगों के कुम्भ के आयोजन से जुड़े आईडिया मांगे जायेंगे ।

# फोर्स कर्मचारी ने कब्जा कर लिया रास्ते और ग्राम समाज की जमीन

**अखंड भारत संदेश**

**भूमि प्रबंधक समिति ने ली अंगड़ाई सासन और प्रशासन तथा गृह विभाग,राजस्व विभाग को लिखा पत्र**

**पसना।** एक तरफ सूबे के सदर ए रियाशत और मुखिया उत्तर परदेस सरकार ग्राम समाज और सरकारी जमीनों को अवैध ढंग से कब्जा कर खेती बाड़ी करने वालों को बेदखली की कार्यवाही करने को कृत संकल्प है तो वहीं दूसरी तरफ भूमाफिया अतिक्रमण कर्ता भूमि प्रबंधक समिति ग्राम पंचायतों को अब अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाहियों पर जान से मरवाने और बम से उड़ाने की धमकी देने लगे हैं। साथ ही कुछ राजस्व विभाग के कर्मचारियों के एक रैकेट द्वारा सीमांकन पैमाईश के नाम पर एक पक्छ से रकम ले ले कर गलत ढंग से पैमाईश और विधिक कार्यवाही कर सरकार की बदनाम करने और दूसरे पक्छी से रकम न मिलने पर सरकारी भू अतिचारी भी दशार्ने से बाज नहीं आ रहे। अवगत हो कि तहसील कोरांव के ग्राम सभा अल्हवा और देवघाट सहित कई गांवों में ग्राम समाज की जमीनों को बड़े और सरहंग काश्तकारों ने किमी जमीनों को गैर कानूनी ढंग से कब्जा कर रखा है। तो कई लोगों ने निर्माण कार्य कर रखा है। ग्राम सभा अल्हवा में मार्ग संख्या 265 सहित आधा दर्जन से अधिक भूखंडों को अतिक्रमण कर लिए हैं। और ग्राम समाज की भूखंड संख्या,280 ख से ले कर तकरीबन तीन दर्जन से अधिक नवीन परती, बंजर, स्पताल, खलिहान, चकरोड, सरकारी पुरानी आबादी के रास्तों को अतिक्रमण कर खेती बारी की जा रही है। इसी प्रकार नदी के भूखंड संख्या १ से ले कर कई दर्जन प्लॉट कृषि योग्य पछासों बीघे जमीनों पर एवं नाला की 1036 ख से ले कर पचीसों बीघा जमीनों पर अनाधिकृत ढंग से कब्जा कर रखा हुए हैं। और व्यक्तिगत लाभ उठा रहे हैं। शिकायत करने पर ग्राम प्रधान अथवा चेयरमैन भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा को जा। से मारने और भू अतिचारी कुछ जो फौज में हैं मिलिट्री बम से उड़ा देने की धमकियां और फर्जी केसों में फंसवाने तथा जातीय संघर्ष कराने की धमकियां दे रहे हैं। जिससे ग्राम सभा अल्हवा में किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है। इस संबंध में ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी ने सहायक पुलिस आयुक्त मेजा और थाना प्रभारी कोरांव तथा सासन को अवगत करा दिया है और तत्काल प्रभाव से राजस्व टीम गठित करा कर भी अतिचातियो द्वारा सरकारी संपत्तियों को अवमुक्त कराए जाने में ग्राम पंचायत अल्हवा का सहयोग किए जाने और केस दर्ज करने की मांग की है।

## गुनाहों का देवता के नाट्य मंचन ने झकझोरा

### एनसीजेसीसी में मंचित हुआ धर्मवीर भारती का उपन्यास



**प्रयागराज।** स्नेह और प्रेम जब अपनी पराकाष्ठा पर पहुंचने लगे तो उसका त्याग करने का गुनाह है न अजीब बात। घर भर में अल्हड़ पुरवाई की तरह तोड़-फोड़ मचाने वाली सुधा, चंदर की आंख के एक इशारे से शांत हो जाती थी कब और क्यूं उसने चंदर के इशारे का मौन अनुशासन स्वीकार कर लिया था, ये उसे खुद भी मालूम नहीं था और ये सब इतने स्वाभाविक इतना अपने आप होता गया कि कोई इस प्रक्रिया से वाकिफ नहीं था। दोनों का एक दूसरे के प्रति अधिकार इतना स्वाभाविक था जैसे शरद की पवित्रता।

**गुनाहों का देवता एक अनसुलझी प्रेम कहानी :** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज की ओर से मासिक नाट्य योजना के तहत शुक्रवार को धर्मवीर भारती के उपन्यास गुनाहों का देवता का तमाल बोस के निर्देशन में मंचन किया गया। गुनाहों का देवता एक अनसुलझी प्रेम कहानी है, जो प्रोफेसर साहब की बेटी सुधा और उनके शिष्य चंदर के बीच निःस्वार्थ प्रेम को दशार्ता है। जो समाज के ऊंच-नीच के बीच में फंस कर अपनी प्रेम कहानी का अंत कर देते हैं। चंदर, सुधा से प्रेम करता था, लेकिन सुधा के पिता के उस पर किए गए एहसान ने उसे कुछ ऐसे घेरे रखा कि वह चाहते हुए भी कभी भी अपने मन की बात सुधा से नहीं कह पाता है। सुधा की नजरों में वह देवता बने रहना चाहता है।

**चंदर का द्वंद पूरे नाटक में हावी :** गुनाहों का देवता में सुधा से उसका नाता वैसे ही रहता है, जैसे देवता और भक्त का होता है। चंदर के जीवन में सुधा व पम्मी साथ ही बिनती भी आती है अंत में वह चंदर की साथी भी बनती है। प्रेम को लेकर चंदर का द्वंद पूरे नाटक में हावी रहता है। सुधा का चंदर की जीवन से चले जाना दर्शकों को भावविभोर कर देता है। सितारे टूट चुके थे, तूफान खत्म हो चुका था, नदी फिर से बहने लगी थी, ने दर्शकों को झकझोर दिया। अभिनय में चन्दर की भूमिका में ऋषभ पाण्डेय व सुधा की भूमिका में अर्पिता ने चार चांद लगा दिये। इस मौके पर काफी संख्या में दर्शक एवं केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल प्रयागराज निगरानी मुकदमा वाद संख्या 178 सन 2020 कौशांबी

**कलुई बनाम राम लखन आदि**

उपरोक्त मुकदमे में माननीय अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल प्रयागराज ने विपक्षी जसवंत श्रीमती देवपती-पत्नी स्वर्गीय राम लखन निवासी भईला मखदूमपुर थाना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी केशव पुत्र सरदार निवासी तियरा जमालपुर परगना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी निर्मल चंद्र पुत्र रामराज लक्ष्मी प्रसाद वा मुन्ना पुत्र दशरथ निवासी चक थाम्भा परगना अथर्वन तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी को निर्देशित किया है कि 9 जनवरी 2023 को समय सुबह 10:00 बजे स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हो जवाब दाखिल करें अनुपस्थिति रहने पर वाद का निस्तारण एक पक्षीय रूप से किया जाएगा ।

**हस्ताक्षर मुहर सहित जारी**
**न्यायालय अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल प्रयागराज ।**

## खबर संक्षेप

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 173 वाहनों का ई–चालान किया गया तथा 04 वाहनों से 2500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 24 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना करारी से चार थाना पिपरी से सात थाना कोखराज से छः थाना सैनी से चार थाना कड़ाधाम से एक थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से एक कुल 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# नींद में सो रहे बुजुर्ग की बिजली के करंट से जिंदा जलकर हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गाँव में गुरुवार की रात सोते समय एक वृद्ध विद्युत करंट की चपेट में आ गया है विद्युत शार्ट सर्किट से नलकूप में आग लग गई जिससे जिंदा जलकर बृद्ध की मौत हो गई है वृद्ध के साथ दो बच्चे सो रहे थे वह भी धुंए से बेहोश हो गए हैं और हादसे में एक बच्चा झुलस गया है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के समस पुर गांव निवासी रोशन लाल पाल उम्र लगभग 68 वर्ष रेलवे से रिटायरमेंट हो कर घर और खेती किसानी का काम देखते थे बीते कुछ महीने से वह गंभीर बीमारी से ग्रसित थे और चलने फिरने में भी उन्हें दिक्कतें होती थी बीती रात अपने दो पोतों के साथ वह नलकूप में सोने गए थे जहां वह गहरी नींद में सो रहे थे इसी बीच विद्युत की शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से रोशन लाल नलकूप में जिंदा जल गए हैं पास में सो रहे दोनों बच्चे धुंए के चपेट में आने से बेहोश हो गए हैं एक बच्चा आग से झुलस गया है किसी तरह बच्चों ने भागकर जान बचाई है और मामले की जानकारी परिजनों को दी है जानकारी मिलते ही परिवार के लोग नलकूप पर पहुंचे तो वृद्ध की लाश देखकर परिजनों के होश उड़ गए मामले की सूचना जंगल की आग की तरह पूरे गांव में फैल गई घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।

### साथ में सो रहे दो बच्चे हुए बेहोश एक बच्चा भी झुलसा



वृद्ध की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

### बच्चे को गुटका देने से मना करने पर चाकू चापड़ लेकर हमला करने पहुंचे दबंग

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के सब्जी मंडी बाजार में गोपाल गुप्ता पुत्र भगवत प्रसाद गुप्ता की दुकान पर शुक्रवार की दोपहर एक छोटा बच्चा तंबाकू गुटखा खरीदने पहुंचा था जिस पर दुकान मालिक गोपाल गुप्ता ने छोटे बच्चे को तंबाकू गुटखा देने से इंकार कर दिया बच्चा दुकान से वापस चला गया और उसने घर पर बताया कि दुकानदार उसे तंबाकू गुटका नहीं दे रहा है जिस पर बच्चे के परिवार के सक्कन बहिरा अपने परिवार के अन्य लड़कों के साथ चाकू चापड़ लेकर गोपाल गुप्ता की दुकान पर पहुंच गया और उन्हें गाली गलौज कर हमला करने की कोशिश करने लगा दबंग हमलावरों ने दुकानदार के परिजनों के साथ मारपीट की है दिनदहाड़े बाजार के बीच भीड़ भरे स्थान पर अराजकता उपद्रव और मारपीट देखकर आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो हमलावर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

## ट्रेन की चपेट में आई छात्राएं, एक की मौत,दूसरी गम्भीर घायल

### आईटीआई कॉलेज सिराथू से दोनों छात्राएं वापस लौट रही थी घर

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर कनवार अंडर पास के पास दो छात्राएं ट्रेन की चपेट में आ गई हादसे में एक छात्रा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी जबकि दूसरी किशोरी गम्भीर रूप से घायल हो गयी है। घटनाक्रम के मुताबिक ज्योति सोनकर उम्र 19 वर्ष पुत्री राकेश सोनकर एवम मुस्कान सोनकर पुत्री राजबहादुर सोनकर निवासी गण ग्राम सभा कनवार दोनों किशोरियां सिराथू आईटीआई कालेज की छात्राएं हैं रोज की भांति विद्यालय से शुक्रवार की शाम दोनों छात्राएं घर वापस जा रही थीं कनवार अंडर पास के बगल होकर दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग को छात्राएं पार कर रही थी तेज गति से आ रही ट्रेन को छात्राये नही देख पायी लोगों के आवाज लगाते लगाते दोनों किशोरियां अप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आ गयीं जिससे ज्योति सोनकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि मुस्कान सोनकर गम्भीर घायल हो गयी दुर्घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं मुस्कान को गम्भीर दशा में परिजन एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले गए हैं मृतक छात्रा ज्योति सोनकर के पिता रोजी रोटी के सिलसिले में दूसरे शहर में रहते हैं घटना की जानकारी मिलने के बाद से ग्रामीणों में गम का माहौल है।



छात्रा की मौत के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़

# सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाय : डीएम

अखंड भारत संदेश

### सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को फूट पेट्रोलिंग करने के निर्देश
### अवैध शराब/मिलावटी शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार मे नववर्ष एवं आगामी त्यौहार पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को नववर्ष एवं आगामी त्यौहारों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दियें ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। उन्होंने सम्वेदनशील क्षेत्रों सार्वजनिक स्थानों-मॉ शीतलाधाम मन्दिर व पभोषा एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दियें इसके साथ ही उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को सम्बन्धित ईओ के साथ फूट पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि नववर्ष एवं आगामी त्यौहारों पर कोई कार्यक्रम आयोजित होता है तो वह उसकी अनुमति अवश्य ली गई हो। उन्होने सीएमओ को सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर डॉक्टरों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने तथा अधिशासी अभियंता विद्युत को सभी जेई की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि रात्रि 10 बजे के बाद डीजे न बजने पाये। उन्होंने ईओ दारानगर को निर्देशित किया कि मॉ शीतलाधाम मन्दिर में भीड़ के दृष्टिगत सम्बन्धित थानाध्यक्ष एवं मन्दिर प्रबन्धक से वार्ता कर भीड़ प्रबन्धन के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय।

जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब मिलावटी शराब के विरूद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दियें इसके साथ ही उन्होंने शराब के ठेकों का भी निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर अवैध खनन के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी ईओ को खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवारा गोवंशों को पकड़कर गौशालाओ में संरक्षित करने के निर्देश दियें उन्होने एआरटीओ एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर को जनपद में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाये रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन सम्बन्धी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है तथा आदर्श आचार संहिता तात्कालिक प्रभाव से लागू हो गई है। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाय ताकि महिलाओं एवं बच्चियों के साथ छेड़खानी की घटना न होने पाये एवं कोई भी व्यक्ति शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों एवं बाजारों में हुड़दंग न करने पाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति हाइवे पर स्टन्टबाजी करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को फूट पेट्रोलिंग करने तथा एन्टी रोमियों को सक्रिय रख ड्यूटी लगाने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने एआरटीओ एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर को ट्रैफिक व्यवस्था विशेषकर हाइवे पर बेहतर बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी भॉग की दुकान पर गांजा बिकने की शिकायत न आने पाये शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्यवाही किया जाय। उन्होने अवैध शराब के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दियें उन्होंने सीएमओ को सीएचसी व पीएचसी एवं एम्बुलेन्स को सक्रिय रखने के निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते डीएम

### चोरी के सामान के साथ आभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा रात्रि गस्त के दौरान अभियुक्त आशुतोष तिवारी पुत्र बृजेश तिवारी नि मवई थाना मऊ जनपद चित्रकूट को थाना कौशाम्बी क्षेत्र के ग्राम भीटा गर्ग का पुरा के एक घर में घुसकर चोरी करते हुए ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर थाना कौशाम्बी पुलिस के सुपुर्द किया गया अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 03 अदद हाथ घड़ी, 01 अदद मोबाइल बरामद कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### कंप्यूटर सहित उठा ले गए सारा सामान

**कौशांबी।** मोहब्बतपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर वारी गांव के पंचायत भवन से 26 /27 -12 -2022 की रात्रि में अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन के गेट के ताला को तोड़कर कंप्यूटर कक्ष और स्टोर का ताला तोड़कर रखा सामान मॉनिटर सीपीयू बैटरी माउस कैमरे डीवीआर सेट यूपीएस इनवर्टर प्रिंटर आदि सामान को चोरों ने पार कर दिया सुबह जब पंचायत भवन में कंप्यूटर ऑपरेटर आया तो पंचायत भवन का ताला टूटा देख कर आवाज रह गया कंप्यूटर ऑपरेटर ग्राम प्रधान और पुलिस को सूचना दी ।

# एसपी द्वारा साप्ताहिक परेड की ली गई सलामी



परेड की सलामी देते पुलिसकर्मी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार के परेड की सलामी ली गयी, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्ववर परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई, साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी सभी जवानों से शास्त्राभ्यास कराया गया एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहनों, डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं एमटी शाखा का निरीक्षण कर किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## न्यूज झरोखा

### खेतों में घुसा नहरों का पानी किसानों की फसल हुई बर्बाद



**अषाढा कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्रामपंचायत अषाढ़ा और उसके आसपास नहरों का पानी उफान मार कर किसानों के खेतों में पहुंच गया है जिससे किसानों के खेतों की सैकड़ो बीघे गेहू की फसलें बर्बाद हो रही है बीते वर्ष भी नहर विभाग की लापरवाही से किसानों की सैकड़ों बीघे खेत की फसल बर्बाद हुई थी और इस वर्ष भी किसानों के खेतों में बिना जरूरत के पानी भर जाने से बर्बाद हो रही फसल से किसानों में आक्रोश व्याप्त है लेकिन उसके बाद भी सिंचाई विभाग से लेकर नहर विभाग तक के अधिकारी इस बड़ी लापरवाही पर जिम्मेदारी लेने को कतई तैयार नहीं है। नहर सफाई के नाम पर भी प्रत्येक वर्ष जिले में बड़ा खेल होता है जिससे नहरों का पानी उफान मार जाता है और किसानों का खेत पानी से भर जाता है विभागीय लापरवाही के चलते बीते कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष किसानों की फसलें बर्बाद होती है जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है लेकिन लगातार नहरों का पानी उफान मार कर खेतों में भरने के मामले में विभागीय अधिकारी इस समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है जो बड़ी चिंता का विषय है यदि नहरों का पानी उफान मार कर खेतों में भर जाने के मामले की शासन प्रशासन ने जांच कराई तो नहर विभाग से लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मुसीबत बढ़ना तय है।

# जबरन एनपीएस लागू किए जाने के संदर्भ में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जबरन एनपीएस लागू किए जाने के संदर्भ में बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन व जूनियर शिक्षक संघ के सयुक्त नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी नेवादा नीरज कुमार उमराव के माध्यम से शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम खंड शिक्षा अधिकारी नेवादा को ज्ञापन सौंपा ' वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा नई पेंशन योजना जबरदस्ती बेसिक शिक्षको पर थोपे जाने के विरोध में संगठन मजबूर होकर शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य हो रहा है बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमार यादव के आह्वान पर शुक्रवार को संगठन के जिला अध्यक्ष सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारी गण और शिक्षक गण ने जिला अधिकारी/ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी / खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। ज्ञापन सौपते वक्त शिक्षकों ने कहा कि नई पेंशन योजना प्रदेश में 1 अप्रैल 2005 से लागू की गई है नई पेंशन योजना शिक्षकों कर्मचारियों के हितों के विपरीत है इसी कारण अब तक अधिकांश शिक्षकों ने इसे स्वीकार नहीं किया और लगातार पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने की मांग संगठन कर रहा हैं जबकि वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा लगातार पत्र जारी कर इस नई पेंशन योजना को स्वीकार करने का जबरदस्ती दबाव बनाया जा रहा है जबकि नवीन पेंशन योजना स्वैच्छिक है वित्त नियंत्रक द्वारा बार-बार पत्र जारी कर शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध करने की धमकी देना अलोकतांत्रिक हैं जिसके कारण प्रदेश भर के लाखों बेसिक शिक्षकों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि अगर एनपीएस को जबरन शिक्षकों पर थोपने का काम बंद नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा संगठन शिक्षकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा इस मौके पर अनिल मानव मनीष भुरतिया मुकेश सिंह वीरेंद्र कुमार कौशल अनशनकारी रवि भारती जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार ब्लॉक मंत्री संतोष शर्मा ब्लॉक कोषाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह सहित संयुक्त मंत्री धनंजय मिश्रा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सहित भारी संख्या में अध्यापक मौजूद रहे।



ज्ञापन सौपते शिक्षक

## गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा रात्रिगस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मो० हासिम पुत्र मकबूल अहमद निवासी राना थाना कोखराज को संदीपन घाट से पहले जरौहा के पास से 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा रात्रिगस्त/ वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त जीसान हुसैन पुत्र रहिस खान निवासी अब्दुल्ला मस्जिद के पीछे थाना शाहगंज जनपद प्रयागराज को अझुवा के पास से 550 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# 66 लीटर शराब के साथ 06 अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानो द्वारा कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 66 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय किया गया जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त धनन्जय सिंह यादव उर्फ तूफान सिंह पुत्र मुन्ना लाल निवासी नगरेहा कला थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 06 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राहुले पुत्र राम प्रकाश पाठक निवासी नन्दौली थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र लल्लू निवासी रौजापर सिपाह थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 14 लीटर अवैध शराब व प्रेम सरोज पुत्र स्व0 बद्री किसान निवासी अफजलपुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 18 लीटर अवैध शराब बरामद कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मायकी पत्नी हीरा लाल निवासी छोटी पवइया थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद कर अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सत्य नारायण पुत्र सम्भर निवासी फतेहपुर बेला थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# अंतर्जनपदीय दो गाँजा तस्कर 22 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार

### मंझनपुर कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी पुलिस ने तस्करों को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लंबे समय से गांजा के व्यवसाय में लगे अंतर्जनपदीय गाँजा तस्करों को 22 किलो गांजा के साथ एसओजी टीम एवं मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है 22 किलो गांजा बरामद कर दो तस्करों की गिरफ्तारी के मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक ने दी है। गांजा कारोबार की रीढ़ तोड़ने में एसओजी और थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है,मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को पुलिस ने घेराबंदी कर मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पतौना पुल के पास से 2 गांजा तस्करों को 22 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद किया गया गाजा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 4 लाख रुपए कीमत है। दोनों तस्कर बाइक में गांजा लादकर जनपद के छोटे-छोटे माफियाओं को सप्लाई करने के लिए जा रहे थे। मुखबिर के जरिए पुलिस को सूचना लग गई और पुलिस ने मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पतौना पुल के पास से दोनों गांजा तस्करों को गाँजा के साथ गिरफ्तार कर लिया है दोनों तस्करों के खिलाफ पहले भी कड़ा धाम कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।गिरफ्तार गाँजा तस्कर विकास केसरवानी धाता रोड सिराथू थाना सैनी तथा कर्मदीप पांडेय कैमा अनैठा थाना मोहब्बतपुर पाइंसा के रहने वाले है पुलिस ने दोनों गांजा तस्करों को लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश कर दिया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



गांजा तस्करों की गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

### चौकी इंचार्ज टेवा पर अवैध धन वसूली की एसपी से शिकायत

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवा के चौकी इंचार्ज पर फरियादियों की मदद करने के नाम पर अवैध धन वसूली के आरोप की शिकायत पुलिस अधीक्षक से हुई है जानकारी के मुताबिक संदीप सिंह पुत्र धनराज सिंह निवासी गौसपुर टिकरी कोतवाली मंझनपुर की जमीन पर गांव के रघुराज सिंह पुत्र बरम दीन सिंह और उनका बेटा नीरज सिंह वा सत्येंद्र सिंह पुत्र शिव भूषण सिंह जबरिया जमीन मकान में कब्जा कर रहे थे मामले की शिकायत मंझनपुर कोतवाली पुलिस और स्थानीय पुलिस चौकी टेवा में पीड़ित परिवार ने की जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया चौकी इंचार्ज ने पीड़ित संदीप पर दबाव बना कर 35 हजार रुपए ले लिया और कहा कि तुम्हारे हिस्से की जमीन तुम्हें दिला देगे। एसपी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़ित संदीप कुमार सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज टेवा अरुण कुमार मौर्या ने मुझसे 27 नवंबर को 35000 नगद ले लिया लेकिन मेरी जमीन पर मुझे कब्जा नहीं मिल सका बल्कि रुपए लेने के बाद मेरे पिता को शांति भंग की धारा में टेवा चौकी पुलिस ने चालान कर दिया उसने बताया कि जमानत पर वापस आने के बाद चौकी इंचार्ज टेवा से बकाया पैसा मांगा तो 20000 रुपए उन्होंने वापस कर दिया लेकिन 15000 रुपए देने के बजाय मुझसे चौकी इंचार्ज अभद्रता गाली गलौज कर रहे हैं और बकाया रकम वापस देने से इंकार कर रहे हैं चौकी इंचार्ज के रुपए लेनदेन से संबंधित ऑडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है उसका कहना है कि मेरी जमीन पर मुझे कब्जा भी नहीं मिल सका है इतना ही नहीं शिकायतकर्ता पीड़ित संदीप के अनुपस्थिति में आरोपी रघुराज सिंह नीरज सिंह सत्येंद्र सिंह ने घर मे घुसकर महिला के साथ गाली गलौज मारपीट किया और मकान में बने दीवाल और पिलर को जबरिया रघुराज सिंह नीरज सिंह और सत्येंद्र सिंह ने ध्वस्त कर दिया इस मामले में भी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही नहीं की पीड़ित संदीप कुमार का कहना है कि इस मामले की शिकायत करने के बाद भी मामले का मुकदमा पुलिस ने नहीं दर्ज किया है बल्कि चौकी इंचार्ज टेवा अरुण कुमार मौर्या आरोपियों का लगातार सहयोग कर रहे हैं जिससे मेरे घर मे आरोपी आए दिन गाली–गलौज मारपीट करते हैं चौकी इंचार्ज टेवा अरुण कुमार मौर्या से बकाया 15000 रूपया वापस दिलाए जाने रुपया ना वापस देने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने और आरोपियों पर भी मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग पीड़ित संदीप सिंह ने पुलिस अधीक्षक से की है।

## संपादकीय

# हीराबेन मोदी एक विलक्षण मां एवं देवदूत थी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी जैसे विश्वनायक गढ़ने वाली मां हीराबेन मोदी का निधन न केवल पुत्र के लिये बल्कि समूचे राष्ट्र के लिये एक अपूरणीय क्षति है, एक आघात है।। भारतीय मूल्यों एवं आदर्शों की शताब्दी यात्रा का विराम होना निश्चित ही देश के हर व्यक्ति के लिये शोक का विषय है, लेकिन यह वक्त शोक का नहीं, बल्कि उनके आदर्शों एवं जीवन-मूल्यों को आत्मसात करने का है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया। हीराबेन ऐसी ही विलक्षण मां थी, एक देवदूत थी। कहने को वह इंसान थी, लेकिन भगवान से कम नहीं थी। वह एक मन्दिर थी, पूजा थी और वह ही तीर्थ थी। वह न केवल नरेन्द्र मोदी की जीवनदात्री बल्कि संस्कार निर्मात्री थी, बल्कि इस राष्ट्र आदर्श मां थी। उनके निधन से ममत्व, संस्कार, त्याग, समर्पण, सादगी एवं आदर्शो का युग ठहर गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मां को श्रद्धांजलि देते हुए जो कहा, वह प्रेरणा की एक नजीर है। उन्होंने कहा कि, ह्यह्यशानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम... मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। मैं जब उनसे 100वें जन्मदिन पर मिला तो उन्होंने एक बात कही थी, जो हमेशा याद रहती है कि काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से।ह्न मोदी जब-जब मां से मिलने जाते, मां-बेटे का यह मिलन एवं संवाद देश एवं दुनिया के लिये एक प्रेरणा बनता रहा है। मोदी के लिये मां हीराबेन, यह सिर्फ एक शब्द नहीं है, बल्कि उनके जीवन की यह वो भावना है जिसमें स्नेह, धैर्य, विश्वास, प्रेरणा कितना कुछ समाया है। मां हीराबेन, ने मोदी का सिर्फ शरीर ही नहीं गढ़ा बल्कि मन, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास गढ़ा है। और ऐसा करते हुए उसने खुद को खपा दिया, खुद को भुला दिया।

ह्यमां हीराबेनह्न-इस लघु शब्द में प्रेम की विराटता/समग्रता निहित है। उसके अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि वो ही संपूर्ण प्रेम की पराकाष्ठा है। मोदी परिवार के लिए मां हीराबेन प्राण थी, शक्ति थी, ऊर्जा थी, प्रेम थी, करुणा थी, और ममता का पर्याय थी। वे केवल जन्मदात्री ही नहीं जीवन निर्मात्री भी थी। वे नरेन्द्र मोदी ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण परिवार के विकास का आधार थी। उन्होंने अपने हाथों से इस परिवार का ताना-बाना बुना है। इस परिवार के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार में, मस्तिष्क में लगातार उन्नतिशील एवं संस्कारी बदलाव किये थे। वे मां, मां ही थी, जिसने इस परिवार की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदली है। मां हीराबेन का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। श्री मोदी ने ह्यमातृदेवोभवह्न की भावना और हीराबेन के मूल्यों को अपने जीवन में ढाला है। तभी मोदी के लिये मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं रहा। वह सम्पूर्ण गुणों से युक्त थी, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान थी। उनका आशीर्वाद वरदान बना। यही कारण है कि तमाम व्यस्तताओं एवं जिम्मेदारियों के बीच मोदी अपनी मां के पास जाते, उसके पास बैठते, उसकी सुनते, उसको देखते, उसकी बातों को मानते थे। उसका आशीर्वाद लेकर, उसके दर्शन कर-के एवं एक नई ऊर्जा लेकर निकलते थे।

साल 1923 में हीराबेन मोदी का जन्म हुआ था। उनकी उम्र 100 साल थी। हीराबेन मोदी का विवाह दामोदर दास मूलचंद मोदी के साथ हुआ था। हीराबेन मोदी के पांच बेटे और एक बेटी है। हीराबेन मोदी के बेटों के नाम सोमा मोदी, अमृत मोदी, नरेंद्र मोदी, प्रह्लाद मोदी व पंकज मोदी हैं। वहीं उनकी बेटी का नाम वासंती बेन हसमुखलाल मोदी है। दामोदर दास मूलचंद मोदी अब इस दुनिया में नहीं हैं।, दामोदर दास मोदी पहले वड़नगर में सड़क पर स्टॉल लगाया करते थे। वहीं इसके बाद कुछ समय तक उन्होंने रेलवे स्टेशन पर चाय भी बेचने का काम किया। मोदी ने अपने एक ब्लॉग में बताया था कि कि वडनगर के जिस घर में हम लोग रहा करते थे वो बहुत ही छोटा था। उस घर में कोई खिड़की नहीं थी, कोई बाथरूम नहीं था, कोई शौचालय नहीं था। कुल मिलाकर मिट्टी की दीवारों और खपरैल की छत से बना वो एक-डेढ़ कमरे का ढांचा ही हमारा घर था, उसी में मां-पिताजी, हम सब भाई-बहन रहा करते थे। यह स्वाभाविक है कि जहां अभाव होता है, वहां तनाव भी होता है। लेकिन मां हीराबेन की विशेषता रही कि अभाव के बीच भी उन्होंने घर में कभी तनाव को हावी नहीं होने दिया। हीराबेन का सम्पूर्ण जीवन प्रेरणाओं का समवाय रहा है। वे समय की पाबंद थीं, उन्हें सुबह 4 बजे उठने की आदत थी, सुबह-सुबह ही वो बहुत सारे काम निपटा लिया करती थीं। गेहूं पीसना हो, बाजरा पीसना हो, चावल या दाल बीनना हो, सारे काम वो खुद करती थीं। वे काम करते हुए अपने कुछ पसंदीदा भजन या प्रभातियां गुनगुनाती रहती थीं। नरसी मेहता जी का एक प्रसिद्ध भजन है जलकमल छांडी जाने बाला, स्वामी अमारो जागशे वो उन्हें बहुत पसंद था। एक लोरी भी है, शिवाजी नु हालरडु, हीराबेन ये भी बहुत गुनगुनाती थीं। घर को नियोजित चलाने के लिए दो चार पैसे ज्यादा मिल जाएं, इसके लिए हीराबेन दूसरों के घर के बर्तन भी मांजा करती थीं। समय निकालकर चरखा भी चलाया करती थीं क्योंकि उससे भी कुछ पैसे जुट जाते थे।

कपास के छिलके से रुई निकालने का काम, रुई से धागे बनाने का काम, ये सब कुछ हीराबेन खुद ही करती थीं। उनको घर सजाने का, घर को सुंदर बनाने का भी बहुत शौक था। घर सुंदर दिखे, साफ दिखे, इसके लिए वो दिन भर लगी रहती थीं। वो घर के भीतर की जमीन को गोबर से लीपती थीं। उनका जीवन स्वावलम्बी था। सादगीमय था। संयमित था। मां! हीराबेन यह वो अलौकिक शब्द है, जिसके स्मरण मात्र से ही नरेन्द्र मोदी का रोम-रोम पुलकित हो उठता, हृदय में भावनाओं का अनहद ज्वार स्वतः उमड़ पड़ता और मनोःमस्तिष्क स्मृतियों के अथाह समुद्र में डूब जाता। उनके लिये मां वो अमोघ मंत्र है, जिसके उच्चारण मात्र से ही हर पीड़ा का नाश हो जाता है। मोदी के अनुसार मां की ममता और उसके आंचल की महिमा को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है, उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है।

# मतदान की प्रौद्योगिकीय तरक्की

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, यह सर्वविदित है और कई बार इसका उल्लेख हो चुका है। परंतु अक्सर हम ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक में देखते हैं कि वोटिंग प्रतिशत बहुत कम रहता है। बहुत बार 50 फीसदी से भी कम तक आ जाता है जो खेदजनक है। भारतीय निर्वाचन आयोग इसके लिए अनेक अभियान चला चुका है।लोगों को चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है पर जनजागृति की कहीं ना कहीं कमी रह जाती है। इसीलिए मेरा मानना है कि चुनाव आयोग को अब ऐसे तकनीकी बिंदुओं की कड़ियों को जोड़ना होगा ताकि वर्तमान प्रौद्योगिकी युग में टारगेट हंड्रेड परसेंट वोटिंग के लिए 2024 को आधार बनाकर इस पर तकनीकी उपायों पर विचार मंथन करना होगा। कई बार हम देखते हैं कि अनेक क्षेत्रों में दो निर्वाचन क्षेत्रों की लिस्ट में एक नाम डबल रहता हैं, कई का 2 राज्यों और शहरों में भी नाम रहता है इसका गलत उपयोग भी शायद होने की संभावना बनी रहती है, इसीलिए तकनीकी हल प्रौद्योगिकी स्तरपर देना होगा। इसके अलावा मेरा मानना है कि लाखों करोड़ों वोट ऐसे होंगे जो कामकाजी मजदूरी, रोजगार के सिलसिले में दूसरे शहरों राज्यों में बसते हैं और वोट करने नहीं आ पाते, जिसका समाधानप्रौद्योगिकी तरक्की के युग में आयोग ने ढूंढ निकाला है और वह बहू निर्वाचन क्षेत्र प्रोटोटाइप प्रमोट ईवीएम की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन 8मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और 57 राज्यस्तरीय राजनीतिक पार्टियों को 16 जनवरी 2023 को किया जा रहा है। जिसका लिखित मंतव्य यह सभी राजनीतिक दल 31 जनवरी 2023 तक दे सकते हैं।

चूंकि भारतीय निर्वाचन आयोग इस अवधारणा को जारी कर दिया है, इसलिए आज हम निर्वाचन आयोग की जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,मतदान की प्रौद्योगिकीय तरक्की, वर्तमान प्रौद्योगिकी युग में टारगेट हंड्रेड परसेंट वोटिंग के लिए 2024 को आधार बनाना वर्तमान समय की मांग है। साथियों बात अगर हम वर्तमान 8 दिसंबर 2022 को दो राज्यों और एमसीडी के चुनाव नतीजों में उस में की गई वोटिंग प्रतिशत की करें तो, गुजरात में 64.33 फीसदी हिमाचल प्रदेश में 76.74 फीसदी दिल्ली एमसीडी मात्रा करीब 50 फीसदी में वोटिंग हुई परंतु इसके पूर्व भी पांच राज्यों के चुनाव में हुए वोटिंग भी कम हुई थी अभी 2023 में 11 विधानसभाओं की वोटिंग है और फिर 2024 में आम लोकसभा चुनाव जिसकी जोरदार तैयारियां अभी से ही अनेक राजनीतिक दलों द्वारा मिशन 2024 के रूप में किया जा रहा है,नीतियां रणनीतियां बनाकर वोट पक्का करने की कोशिश शुरू हो गई है। मेरा मानना है कि इसमें सोने पर सुहागा तब होगा जब मिशन हंड्रेड परसेंट वोटिंग के टारगेट पर तीव्रता से हर राजनीतिक पार्टी काम कर तकनीकी और शासकीय शक्ति के स्तरपर भी वोटिंग करने वालों को प्रमाण पत्र निर्गमित कर किसी भी शासकीय प्रक्रिया में उसे अनिवार्य बनाया जाए या हितधारक को डीबीटी देने पर यह प्रमाण पत्र अनिवार्य हो। साथियों बात अगर हम भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 29 दिसंबर 2022 को जारी अवधारणा पत्र की करें तो, आयोग सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्यम के सहयोग से घरेलू प्रवासी मतदाताओं की भागीदारी को संभव करने के लिए उनके रिमोट लोकेशन अर्थात शिक्षा/रोजगार आदि के प्रयोजन से उनके मौजूदा निवास स्थान से, उनके गृह निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान करने की सुविधा प्रदान करने के लिए एक बहु-निर्वाचन क्षेत्र रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) को प्रायोगिक तौर पर शुरू करने के लिए तैयार है। ईवीएम का यह संशोधित रूप एक एकल रिमोट पोलिंग बूथ से 72 विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान करा सकता है। यदि यह पहल कार्यान्वित कर दी जाती है तो यह प्रवासियों के लिए एक बड़ा सामाजिक परिवर्तन लेकर आने की क्षमता रखती है और उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहने में मददगार होगी, क्योंकि कई बार वे विभिन्न कारणों जैसे कि उनके निवास स्थानों के नियमित तौर पर बदलने, प्रवास क्षेत्र के मुद्दों से सामाजिक और भावनात्मक रूप से पर्याप्त जुड़ाव न होने, अपने गृह/मूल निर्वाचन-क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली से नाम कटवाने की अनिच्छुकता (चूंकि उनका वहां स्थायी निवास/संपत्ति होती है) से अपने कार्यस्थान पर स्वयं को मतदाता के रूप में पंजीकृत करवाने के प्रति अनिच्छुक रहते हैं।



> आंतरिक प्रवासन का लगभग 85 फीसदी हिस्सा राज्यों के भीतर होता है। अन्य विषयों के साथ ही घरेलू प्रवासियों को परिभाषित करने, आदर्श आचार संहिता लागू करने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, मतदाताओं की पहचान के लिए पोलिंग एजेंटों को सुविधा देने, रिमोट मतदान की प्रक्रिया और पद्धति तथा मतों की गणना में आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए सभी राजनैतिक दलों के बीच एक अवधारणा पत्र परिचालित किया गया है

यह विशेष उल्लेखनीय है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद, चमोली जिले के दुमक गांव के दूरस्थ मतदान केंद्र की अपनी पैदल यात्रा (ट्रैकिंग) से आंतरिक प्रवासन की समस्या से सीधे रूबरू हुए और उन्होंने अपना ध्यान इस बात पर केन्द्रित किया कि प्रवासी मतदाताओं को निवास के उनके वर्तमान स्थान से ही मताधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाया जाए। इस तरह के सशक्तिकरण को कार्यान्वित करने के लिए कानूनी, वैधानिक, प्रशासनिक और प्रौदयोगिकीय पहल की जरूरत है। आयोग की टीम ने सभी सामाजिक-आर्थिक स्तरों पर प्रवासियों की चुनावी भागीदारी को संभव बनाने के लिए सर्वसमावेशी समाधान ढूंढने और मतदान करने की वैकल्पिक पद्धतियों जैसे कि दो-तरफा प्रत्यक्ष ट्रांजिट पोस्टल बैलट, परोक्षी (प्रॉक्सी) मतदान, विशेष समय-पूर्व मतदान केंद्रों में जल्दी मतदान, डाक मतपत्रों का एकतरफा या दोतरफा इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण (ईटीपीबीएस), इंटरनेट आधारित मतदान प्रणाली आदि सभी विकल्पों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। ऐसा संज्ञान में आया है किप्रौद्योगिकीय तरक्की के युग में प्रवासन के आधार पर मतदान के अधिकार से वंचित करना स्वीकार योग्य विकल्प नहीं है। आम चुनाव 2019 में 67.4 फीसदी मतदान हुआ था और भारत निर्वाचन आयोग 30 करोड़ से अधिक निर्वाचकों द्वारा मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग नहीं करने और विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों मेंमतदान का प्रतिशत अलग-अलग होने को लेकर सजग है। यह माना जाता है कि एक मतदाता द्वारा निवास के नए स्थान में पंजीकरण न कराने और इस तरह, मतदान करने के अधिकार का प्रयोग करने का अवसर गंवाने के अनेक कारण होते हैं। वोटर टर्नआउट में सुधार लाने और निर्वाचन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रमुख बाधा आंतरिक प्रवासन (घरेलू प्रवासियों) के कारण मतदाताओं द्वारा मतदान न कर पाना भी है जिसका समाधान किया जाना आवश्यक है। हालांकि, देश के भीतर प्रवासन के लिए कोई केंद्रीय डेटाबेस उपलब्ध नहीं है, फिर भी पब्लिक डोमेन में उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि रोजगार, शादी और शिक्षा से संबंधित प्रवासन समग्र घरेलू प्रवासन का महत्वपूर्ण घटक है।

अगर हम समग्र घरेलू प्रवासन को देखें तो ग्रामीण आबादी के बीच बहिर्प्रवासन बड़े पैमाने पर देखा गया है। आंतरिक प्रवासन का लगभग 85 फीसदी हिस्सा राज्यों के भीतर होता है। अन्य विषयों के साथ ही घरेलू प्रवासियों को परिभाषित करने, आदर्श आचार संहिता लागू करने,मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, मतदाताओं की पहचान के लिए पोलिंग एजेंटों को सुविधा देने, रिमोट मतदान की प्रक्रिया और पद्धति तथा मतों की गणना में आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए सभी राजनैतिक दलों के बीच एक अवधारणा पत्र परिचालित किया गया है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मतदान की प्रौद्योगिकीय तरक्की, प्रवासी नागरिकों के लिए रिमोट वोटिंग की सुविधा प्रस्तावित, राजनीतिक दल 16 जनवरी 2023 को आमंत्रित, 31 जनवरी 2023 तक मंतव्य आमंत्रित वर्तमान प्रौद्योगिकी की युग में टारगेट हंड्रेड परसेंट वोटिंग के लिए 2024 को आधार बनाना वर्तमान समय की मांग है।

# कोरोना से डरे नहीं, नियमों का पालन करें

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**कोरोना ने** दोबारा दस्तक दे दी है। पड़ोसी देश चीन समेत दुनिया के कई देशों में कोरोना केस बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। सर्वाधिक बुरा हाल चीन का है। वहां हालात बेकाबू हो रहे हैं। चीन में कोरोना वायरस से जो हालात बने हैं, वे सिहरन और चिन्ता पैदा करने वाले हैं। चूंकि चीन हमारा पड़ोसी देश है, लिहाजा भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। हालांकि भारत में एक सप्ताह में औसतन 1200 संक्रमित मामले दर्ज किए जाते हैं, जबकि दुनिया भर में यह औसत आंकड़ा 35 लाख का है। बीते सप्ताह अफ्रीका में सबसे कम 9321 मामले और एशिया में सर्वाधिक 18.26 लाख नए मरीज सामने आए हैं। यूरोप में करीब 11 लाख, उत्तरी अमरीका में करीब 5.5 लाख और दक्षिण अमरीका में करीब 4.76 लाख मामले दर्ज किए गए हैं। कोरोना की बढ़ते केसों के चलते हमारे देश में भी सरकार अलर्ट मोड में आ चुकी है। विदेश से आने वाले यात्रियों की कोरोना टेस्टिंग से लेकर तमाम तरह की गाइड लाइन केंद्र और राज्य सरकारें जारी कर चुकी हैं। कोरोना की दस्तक की बावजूद देशवासी घबराए हुए नहीं है, ये अच्छा संकेत है। असल में दो साल कोरोना के साथ जिंदगी गुजार चुके देशवासी कोरोना से निपटने के उपाय समझ चुके हैं। वहीं टीकाकरण के कारण भी देशवासी और सरकार काफी हद तक आश्वस्त है कि ज्यादा डरने और घबराने की बात नहीं है। विशेषज्ञों ने भी कहा है कि चिंता की कोई बात नहीं है। देशवासियों की प्रतिरोधक क्षमता अच्छी है। वहीं आशंका इस बात की भी जतायी जा रही है कि अगले 40 दिन में देश में कोरोना के केस बढ़ सकते हैं।

एक बात पूरी तरह साफ है कि भारत में कोरोना नए रूप में आ चुका है। चीन में हालात भयावह हो जाने के बाद हमारे देश में भी दहशत का माहौल बनने लगा था। केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को भेजी गयी निर्देशिका और उसके बाद चिकित्सा प्रबंधों को लेकर की गई मॉकड्रिल के कारण आम जनता के साथ ही व्यापार जगत में भी भय व्याप्त होने लगा। 2020 और 21 की डरावनी यादों ने लॉक डाउन की वापसी की आशंका पैदा कर दी। इक्का-दुक्का लोग मास्क लगाये भी नजर आने लगे। भीड़ भाड़ वाली जगहों में जाने से बचने की सलाह दी जाने लगी। मॉकड्रिल के दौरान ये बात भी उजागर कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान लगाये गए अधिकतर आक्सीजन संयंत्र बंद पड़े थे। बहरहाल एक बात अच्छी है कि कोरोना के दो हमलों के दौरान चिकित्सा प्रबंधों में जो कमियाँ देखने मिली उन्हें समय रहते दुरुस्त करने की अक्लमंदी सरकार दिखा रही है। उससे भी अच्छी बात ये है कि जनसाधारण को भी कोरोना से बचाव के तौर-तरीके पता हैं। लेकिन इस जानकारी की वजह से भय का भूत खड़ा करने के बजाय सतर्कता ज्यादा जरूरी है। सबसे बड़ी बात है उद्योग-व्यापार जगत में घबराहट फैलने से रोकना क्योंकि बीते दो सालों में अर्थव्यवस्था को जो झटके लगे उससे वह काफी कुछ उबर चुकी है। अनेक क्षेत्रों में तो कोरोना पूर्व से भी अच्छी स्थिति नजर आने लगी है। चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही जानकारी के अनुसार कोरोना नए रूप में एक बार फिर सक्रिय हो उठा है। लेकिन वह पहले जैसा घातक नहीं होने से संक्रमित व्यक्ति अस्पताल में दाखिल हुए बिना अभी साधारण इलाज से ठीक हो सकता है। अभी तक देश में जितने भी नए मामले कोरोना के आये वे सब कुछ ही दिनों में ही संक्रमण मुक्त हो गए। इक्का दुक्का को ही अस्पताल में भर्ती होने लायक समझा गया। हालाँकि इसी वायरस के कारण चीन में स्थितियां भयावह रूप ले चुकी हैं। अस्पतालों में बिस्तर कम पडने से अफरातफरी का माहौल है। दवाओं की आपूर्ति नहीं होने से उनकी कालाबाजारी होने की खबरें भी आ रही हैं जो साम्यवादी शासन प्रणाली वाले देश में चैंकाने वाली बात है। लेकिन भारत में चूंकि टीकाकरण समय पर और पर्याप्त संख्या में होने के बाद बूस्टर डोज भी ज्यादातार लोगों को लग चुका है इसलिए कोरोना का प्रकोप पूवार्पेक्षा गंभीर शायद नहीं होगा। लेकिन वैक्सीन लगने के बाद व्यक्ति कोरोना से स्थायी तौर पर सुरक्षित रहेगा ये खुशफहमी भी जानलेवा हो सकती है। इसलिए भयाक्रांत हुए बिना साधारण सतर्कता बरतने मात्र से इस संकट से बचा जा सकता है। बीते कुछ दिनों में ही पूरे देश में हजारों लोगों के संक्रमित होने के बाद चिकित्सा विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि जनवरी माह से संक्रमण में तेजी आयेगी। विदेशों से आने वाले यात्रियों की जांच से भी नए मामले सामने आ रहे हैं। ये सब देखते हुए हर किसी को चाहिए वह अपना और अपने परिवार का ध्यान रखे। व्यक्तिगत दायित्वबोध ही अंततः सामूहिक संस्कार बन जाता है। कोरोना के पिछले दोनों हमलों में भारत की जनता ने अद्वितीय अनुशासन और धैर्य का जो परिचय दिया उसका ही परिणाम था कि भारत ने अमेरिका, ब्रिटेन और इटली जैसे बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं वाले देशों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए हमें घबराने की जरूरत तो नहीं है किन्तु ये मानकर भी नहीं बैठना चाहिए कि वायरस जितना आज कमजोर नजर आ रहा है उतना ही आगे भी बना रहेगा। इसलिए जनवरी महीने में उसका फैलाव होने के पहले ही यदि सामूहिक तौर पर सावधानी रखी जाए तो इस कथित तीसरी लहर से भी आसानी से निपटा जा सकेगा। भारत में कोरोना टीकाकरण अभियान बेहद सफल रहा है। अभी तक 220 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। देश में 95.3 करोड़ लोगों को दोनों खुराकें देकर टीकाकरण की प्रक्रिया को संपूर्ण किया गया है। करीब 22.3 करोड़ वरिष्ठ नागरिक ऐसे हैं, जिन्हें कथित बूस्टर डोज भी दी जा चुकी है। हालांकि यह औसत बहुत कम है। टीकाकरण की गति भी इन दिनों बहुत धीमी प्रतीत होती है, क्योंकि बीते 10-16 दिसंबर वाले सप्ताह में 3.09 लाख खुराकें ही दी गईं। यह आंकड़ा टीकाकरण की शुरूआत करने वाले दौर से भी कम है, क्योंकि जनवरी, 2021 के सप्ताह में 12.4 लाख खुराकें मुहैया कराई गई थीं। भारत में टीकाकरण बिल्कुल मुफ्त रहा है, फिर भी एक तबका टीका-विरोधी रहा है। संभावित खतरों के मद्देनजर हमें सतर्क होना पड़ेगा। पिछले अनुभवों ने हमें काफी कुछ सिखाया है जिसकी वजह से कोरोना का सामना करने के प्रति हमारा आत्मविश्वास प्रबल है लेकिन जरा सी लापरवाही नुकसानदेह हो सकती है। कोरोना के इस दौर में हमें केवल लोगों की जान की नहीं अपितु अर्थव्यवस्था की चिंता भी करनी होगी। सरकार ने इसीलिये कहा है कि वह अपनी तरफ से किसी भी प्रकार के प्रतिबंध नहीं लगाएगी। ऐसे में जनता की जिम्मेदारी तौर भी ज्यादा बढ़ जाती है। कोरोना की ये लहर कब तक चलेगी ये तो पक्के पर कोई भी नहीं बता सकता। ये भी हो सकता है कि वह थोड़े अन्तराल के बाद नए-नए रूप में लौटकर आता रहे। हालांकि कोई भी महामारी एक सीमा के बाद अपनी तीव्रता खो बैठती है लेकिन कोरोना के उदय के प्रति ये आशंका शुरू से ही व्यक्त की जाती रही है कि वह मानव निर्मित्त है। यदि ऐसा है तब तो सारे अनुमान हवा-हवाई साबित होते रहेंगे। इसलिये नए साल का जश्न मनाते समय इस बात का ध्यान रखना होगा कि रंग में भंग वाली स्थिति न बने। मकर संक्रांति से शादियों का मौसम शुरू हो जाएगा।

# नई सोच, नए संकल्प के साथ 2023 का स्वागत करें

**डा मनमोहन प्रकाश, इंदौर**

**हम स**ब भारत के नागरिक हैं और भारतीयता हमारी पहचान है। भारत अर्थात हिंदू ,बौद्ध, जैन एवं सिख धर्म का उद्गम स्थान, भगवान श्री राम-कृष्ण की जन्मभूमि; शंकराचार्य, चाणक्य, विवेकानंद, महात्मा गांधी,विनोबा भावे आदि की कर्मभूमि; पतंजलि,चरक, सुश्रुत, भारद्वाज,बोधायन, भास्कराचार्य, नागार्जुन,अगस्त आदि की अनुसंधान प्रयोगशाला; ऋषि गौतम, कश्यप, वशिष्ठ, विश्वामित्र, वेदव्यास, रामानुजाचार्य आदि की तपोभूमि; विश्व को 'सत्यमेव जयते' , अहिंसा परमो धर्मः', 'वसुधैव कुटुंबकम्', 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे', 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्', 'ईशावास्यमिदं सर्वं', 'शत हस्त समाहर सहस्त्रहस्त



संकिर','आत्मवत सर्वभूतेषु', 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः', 'वंदे मातरम्' जैसी अवधारणाओं से विश्व को परिचित कराने वाला देश। भारतीयता एक संस्कृति है,जो भावमयी,रसमयी, तत्त्वमयी और यज्ञमयी संस्कृति है, जीवन पद्धति है जो राष्ट्र सर्वोपरि सोच के साथ संयम, अनाक्रमण, अहिंसक, सहिष्णुता, त्याग, उदारता, रचनात्मकता, सह- अस्तित्व, बन्धुत्व, अनेकता में एकता के लिए समर्पण भाव जगाती है। जाति, पंथ, भाषा, क्षेत्र से ऊपर उठकर राष्ट्र की प्रगति तथा उन्नति में सहभागी बनने की सीख देती है, अपने राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगीत, राष्ट्रभाषा, संविधान, महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों को आदर-सम्मान के साथ नमन करती है। ऐसी महान संस्कृति वाले, विश्व में ज्ञान-रश्मियाँ विकिरित करने वाले महा देश के हम सब भारतीयों को वर्ष 2023 में प्रवेश करते समय संकल्प लेना चाहिए भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का; उन्नत, आत्म- निर्भर राष्ट्र बनाने का; समाज के गरीब-पिछड़ों, जरूरतमंद की सहायता कर उन्हें अच्छे रहन-सहन के साथ मुख्यधारा में लाने का; देश में असामाजिक और अराजक तत्वों सहित घृणा, असहिष्णुता, भ्रष्टाचार को खत्म करने का; सक्षम-समर्थवान होने पर मुफ्त- खोरी से बचने का; आपसी प्रेम- भाईचारा बढ़ाने का; देश की एकता और अखंडता को किसी भी स्थिति में चोट न पहुंचाने का, सभी धर्मों का सम्मान करते हुए धर्मांतरण से बचने का; प्रकृति की सुरक्षा का, प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग रोकने का; सरकार के अच्छे कार्यों की प्रशंसा के साथ सहयोग देने का; सरकार की गलत नीतियों तथा कार्यो की शान्तिपूर्ण तरीकों से आलोचना करने का; सनातन संस्कृति की रक्षा करने का; वैदिक ज्ञान के सम्मान का और इन सबसे ऊपर कर्मशील, देशभक्त, प्रज्ञावान नागरिक बनने का। हमारा यह संकल्प न सिर्फ देश को विश्व में एक नई पहचान दिलायेगा अपितु विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

## तेरी मुर्गी की ऐसी की तैसी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सभी जा**नते हैं कि हम कांक्रिट के जंगल में रहते हैं। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो हर पाँच साल के लिए जंगल का राजा चुन लेते हैं। सबको पता है कि जंगल का राजा शेर होता है। चूंकि जंगल में अलग-अलग तरह के जानवर रहते हैं इसलिए सभी शेर नहीं हो सकते। इसलिए हम जिसे चुनते हैं, उसे ही शेर मान लेते हैं। हुआ यूँ कि एक दिन इसी जंगल में पक्षी कहलाने वाले निरीह प्रजा के घोंसले में गुंडई करने वाला साँप घुस आया। आप जानते ही हैं कि साँप को अंडे कितने प्रिय हैं। वह अपने स्वभाव के अनुसार आए दिन अंडे खाता रहा। पक्षी की बेबसी यह थी कि वह केवल वोट डालकर राजा चुन सकता था, लेकिन राजा के पास पहुँचना उसके बस की बात नहीं थी। वह क्या है न कि दुनिया वोट से पहले और बाद के बाद अलग होती है। अंतर केवल इतना होता है कि वोट वाले दिन अमीर-गरीब, ऊँच-नीच, छोटा-बड़ा सब एक समान होते हैं। उसके पहले या उसके बाद फिर से दुनिया इनमें भेद करने लगती है। सौभाग्य से पक्षियों का पक्ष रखने के लिए भालू आगे आया। उसने पक्षियों की पैरवी की। इस कान उस कान मामला शेर तक तक पहुँचा। शेर तो शेर होता है। इसे सिद्ध करने के लिए उसने साँप का खात्मा कर डाला। पक्षियों को शेर की सुरक्षा का आश्वासन मिल गया। लेकिन भालू दोहरी खाल वाला था। मृत साँप के बंधुजनों से मिलकर उनके पक्ष में खड़ा हो गया। वहाँ उसने मृत साँप के परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन दे डाला।

## फटाफट खबरें

### उच्च न्यायालय में समय से दाखिल करें काउंटर: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय में लम्बित याचिकाओं की बाबत हुई बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि समय से काउंटर दाखिल करें। कोई अधिकारी लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में हुई बैठक में कहा कि एसडीएम न्यायिक रामजन्म यादव विवरण पेश करें। एडीएम कुंवर बहादुर सिंह को निर्देश दिये कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने उच्च न्यायालय के मामलों में रुचि नहीं ली। इनके खिलाफ जवाब-तलब करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि की जाये।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, मऊ एसडीएम नवदीप शुक्ला, एसडीएम न्यायिक रामजन्म यादव, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, बीएसए लवप्रकाश यादव, डीएसओ बीके महान, बन्दोबस्त अधिकारी एसके शुक्ला, एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ, एक्सईएन विद्युत आरएस वर्मा आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

### हीराबेन के वात्सल्य से मिला यशस्वी नेतृत्व: आरके सिंह पटेल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर सांसद आरके सिंह पटेल ने बल्दाऊगंज स्थित आवास में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि दी।

शुक्रवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे यशस्वी व महान राजनेता को जन्म देने वाली हीराबेन का नाम अनंतकाल तक अमर रहेगा। मां हीराबेन निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक एवं मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। उनकी दी सीख काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणादायी रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि उनकी मां सादगी की प्रतीक और भक्ति तपस्या तथा कर्म की त्रिवेणी थी। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि जो व्यक्ति के जीवन को संस्कारों से सुपोषित करती है। हीराबेन का सात्विक जीवन सबके लिए प्रेरणादायी है। दुख की घडी में प्रधानमंत्री के साथ पूरा देश खडा है। हीराबेन का संघर्षपूर्ण व सात्विक जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनके वात्सल्य व सत्य निष्ठा से देश को यशस्वी नेतृत्व मिला है।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, संजीव त्रिपाठी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, शिवाकान्त पाण्डेय, राजकुमार त्रिपाठी, शिवपूजन गुप्ता, अभिलाष सिंह आदि मौजूद रहे।

### सभी दुकान स्वामी लगवायें सीसीटीवी कैमरे: एसपी




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने जिले के व्यापारियों से परिचय लेते हुए कहा कि सभी व्यापारी अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवायें। सर्दी के मौसम में थाना-चैकी प्रभारियों को रात्रि गश्त करने के निर्देश दिये।

शुक्र वार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय के राघव प्रेक्षागार में जिले के व्यापारियों से कहा कि पुलिस प्रतिदिन पैदल गश्त कर संदिग्धों की जानकारी ले रही है, ताकि बडी घटना होने से बचा जा सके। उन्होंने थाना-चैकी प्रभारियों के थानों के हिस्ट्रीशीटर, पुराने चोरों का सत्यापन करने के निर्देश दिये। बैंक, एटीएम के पास संदिग्धों की प्रतिदिन जांच करने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक ने एएसपी से कहा कि सभी व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों के तालों को चेककर पुराने तालों को बदल दें। दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों का पुलिस वेरीफिकेशन अवश्य करायें। बैंक से रुपये निकासी व जमा करते समय अपने वाहन की डिग्गी में पैसे न छोडें। गोष्ठी में व्यापारी बन्धुओं से समस्यायें पूंछी और सुरक्षा के निर्देश दिये। गोष्ठी में व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भ्रष्टाचार में लिप्त है बीडीओ-प्रधान व सचिव

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के दुगवां गांव में सचिव मान सिंह व खण्ड विकास अधिकारी आस्था पाण्डेय तथा सचिव आलोक कुमार ने घर-घर जांचकर आवासों में पाया कि जिनके पास पक्के मकान हैं, उनकी फोटो के बाद भी सचिव ने आवास दिये हैं।

शुक्रवार को कर्वी ब्लाक के दुगवां गांव में इस भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। बताया गया कि कुछ पैसों में बिकने वाले सचिव मान सिंह ने प्रधान बृजेश कुमार के साथ नया कारनामा अंजाम दिया है। अपात्रों को पात्र बताते हुए आवास जारी किया है। जिले में भ्रष्टाचार की नई इबारत गढते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त बीडीओ आस्था पाण्डेय की देखरेख में अपात्रों को आवास दिये हैं। बीडीओ आस्था पाण्डेय की देखरेख में भ्रष्टाचार के चलते चन्द पैसों में नोडल व सचिव ने जांच के बाद भी अपात्र लोगों को आवास दिये हैं।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार की जीरो टालरेंस की नीति का किसी अधिकारी को भय नहीं है। इसी ग्राम पंचायत में तीन सचिव निलम्बित हो चुके हैं। मुख्य भ्रष्टाचारी डीपीआरओ तुलसीराम के निलम्बित होने के बाद भी अपात्रों को तत्काल आवास आवंटित किये गये हैं। इससे जाहिर होता है कि प्रधान व सचिव तथा खण्ड विकास अधिकारी के अलावा अन्य उच्च स्तरीय लोग भी भ्रष्टाचार में शामिल हैं। ग्राम पंचायत दुगवां में रमेश के पिता श्यामबाबू पुत्र मातादीन व रामगोपाल पुत्र बुद्धविलाश पिता लोटन तीनों अपात्र की श्रेणी में आते हैं। इसके बाद भी इन्हें आवास आवंटित किया गया है। साक्ष्य के तौर पर दुगवां गांव में 14 लोग अपात्र की श्रेणी में शामिल हैं। इनकी जांच कर अधिकारियों से रिकवरी कराने की ग्रामीणों ने मांग की है।

## सीडीओ ने जनचौपाल में समस्याओं के निस्तारण पर दिया जोर



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने शीतकालीन जनचैपाल में मानिकपुर ब्लाक के कल्याणपुर गांव के कम्पोजिट विद्यालय में किरन मिश्रा की गोदभराई व अन्य प्रासन तथा पोषाहार बांटा।

शुक्रवार को जनचैपाल में सीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, आयुष्मान भारत गोल्ड कार्ड, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, सामुदायिक शौचालय, गांव में रास्ता, गौशाला, कन्या सुमंगला योजना, किसान सम्मान निधि, हैण्डपम्प रिबोर व नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग, संचारी रोग नियंत्रण, उज्जवला योजना आदि की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा की। सीडीओ ने कहा कि शासन की बहुत योजनाये हैं। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से कहा कि सरकार ने डेज्स, जूता, मोजा के लिए पैसा दिया है। अन्य खर्चों में व्यय न करें। जो पात्र है उसे लाभ मिलेगा। आशा, आंगनबाडी, सचिव क्षेत्र में ही रहते हैं। उनसे सम्पर्क कर समाधान करायें।

ब्लाक प्रमुख अरविन्द कुमार मिश्रा ने कहा कि शासन के मुख्य उद्देश्य हैं कि अधिकारी-कर्मचारी यहां बैठकर समस्या का समाधान करायें। सीडीओ ने सभी अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें। इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीपीओ मनोज कुमार, बीएसए लवप्रकाश यादव, डीएसओ बीके महान, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल, बीडीओ धनंजय सिंह, प्रधान सरला तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी बालगोविन्द मौर्य आदि मौजूद रहे।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम संपन्न





**अखंड भारत संदेश**
**सफीपुर उन्नाव ।** हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम द रांयल कुशवाहा बैंक्वेट हॉल सफीपुर में मुख्य अतिथि शिवेंद्र कुमार उप जिलाधिकारी सफीपुर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। उप जिलाधिकारी का पुष्प गुच्छ भेंट कर अनीता शाह खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर द्वारा स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवेंद्र कुमार उप जिलाधिकारी सफीपुर द्वारा कहा गया 3 वर्ष से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चे आपके केंद्रों पर आते हैं।

आपकी जिम्मेदारी बहुत अधिक बढ़ जाती है कि अबोध बच्चे पहली बार घर से निकलकर आंगनवाड़ी केंद्र पर आपकी जिम्मेदारी में आते हैं। उन्हें अक्षर ज्ञान हल्का भारी दूर पास छोटा बड़ा आदि में अंतर करना आप द्वारा सिखाया जाता है।

अनीता शाह खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर ने कहा कि आप सभी को आंगनबाड़ी केंद्रों में 52 सप्ताह की गतिविधियां के आधार पर सफलतापूर्वक कार्य करना है।

सब की जिम्मेदारी है आंगनबाड़ी केंद्रों पर जो भी बच्चे नामांकित हैं। उन्हें प्रतिदिन केंद्रों पर भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करें।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत छोटेलाल, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या शर्मा, सत्य प्रकाश द्विवेदी उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, संजीव गौतम ए आर पी, नरेंद्र मौर्य, संजय सिंह चौहान, हिमांशी यादव, मिताली बाजपेई, गौरव यादव, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, संजय शुक्ला, उन्नति सिंह, वीरेंद्र कुमार मीनू, तिवारी अमरेंद्र यादव, आशीष गुप्ता, अनूप मिश्रा, जय सिंह, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह, आलोक कुमार सिंह, विश्वनाथ तिवारी, आशुतोष श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह कुशवाहा, आगनबाड़ी कार्यकर्ती शाहमीन बानों, सरिता सिंह, सविता रानी, रीता सिंह, शिव कांति आदि आगनवाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित थी

## शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन, खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर को सौंपा



**अखंड भारत संदेश**
सफीपुर उन्नाव । उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन पर। नई पेंशन स्कीम के विरोध में तौसीफ अली खान अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ सफीपुर के नेतृत्व में। ब्लॉक संसाधन केंद्र अटवा सफीपुर में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर के माध्यम से दिया गया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष तौसीफ अली खान ने कह कि हमें एनपीएस कतई मंजूर नहीं है। और ना ही जबरदस्ती कोई एनपीएस में कटौती की जाए। नई पेंशन स्कीम स्वैच्छिक थी लेकिन जबरदस्ती एनपीएस कटौती के आदेश जारी कर दिए गए हम लोग कतई नहीं चाहते हैं। कि हमारा एनपीएस काटा जाए अगर हमें देना है तो सरकार हमें पुरानी पेंशन दे।ज्ञापन देने वालों में रंजना कुरील महामंत्री जूनियर शिक्षक संघ, गौरव यादव, शशि प्रभा, सत्य प्रकाश द्विवेदी, राघवेंद्र सिंह, नरेंद्र मौर्य, सुनील यादव, आशुतोष श्रीवास्तव, विश्वनाथ तिवारी, राम शंकर यादव, संजय सिंह चौहान, राम नरेश गौड़, शिखा त्रिपाठी, रेहाना बेगम, रेखा, सुमन देवी, विनय कुमार, महबूब आलम, गोविंद मिश्रा, मालती सिंह, वंदना वर्मा, शिखा सक्सेना, गरिमा श्रीवास्तव, जया भारती, जय सिंह ,लक्ष्मी देवी, राम कुमार, शक्ति कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## बयान देने जा रही लड़की, पुलिस को चकमा देकर फरार

### पुलिस पर लापरवाही का लग रहा आरोप रोड क्रॉस करते ही गायब हो गई लड़की



**अखंड भारत संदेश**
**गंजमुरादाबाद उन्नाव ।** थाना बेहटा मुजावर के एक गांव से लड़की के बयान लेने के लिए जिला मुख्यालय ले जाया जा रहा था। लेकिन साधन से उतर कर पैदल चल रही लड़की के साथ थाना बेहटा मुजावर की दो महिला पुलिस कर्मी भी थी। साथ लेकिन रोड़ क्रास करते हुए महिला पुलिस कर्मी ने जैसे ही रोड़ की तरफ ध्यान दिया वैसे ही लड़की तुरंत फरार हो गई। जब महिला पुलिस कर्मी ने देखा कि साथ में लाई हुई लड़की नहीं दिख रही है। तो पुलिस ने लड़की को ढूंढने की भरसक कोशिश की लेकिन लड़की का कोई पता नहीं चला। फिर महिला पुलिस कर्मी ने बेहटा मुजावर थाना के इंचार्ज रमेश सिंह साहनी से मोबाइल पर पूरी बात बताई। तो पुलिस ने उन्नाव पुलिस से लडकी को ढूंढने में मदद करने को कहा। लेकिन लड़की का कोई पता नहीं चल सका है।

बताते चलें कि थाना बेहटा मुजावर के एक गांव निवासी ने 24/12/2022 को तहरीर देकर एक युवक पर उसकी लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। जिसमें बेहटा पुलिस ने 27 को युवक को पकड़ कर लड़की बरामद की थी। और कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसके बयान लेने के लिए दो महिला पुलिस कर्मियों के साथ जिला मुख्यालय पर लेकर जाना था। पहले उसे जिला अस्पताल में डाक्टरी जांच के लिए ले जाया गया

वहीं से तीनों लोग लौट रही थी। साधन से उतर रोड पार करते समय महिला पुलिस कर्मियों का जैसे ही ध्यान बटा वह फरार हो गई। उधर जिस युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह तो पुलिस हिरासत में है। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया कुछ लोगों का कहना यह भी था कि जो युवक पुलिस हिरासत में है वहीं आरोपित युवक एक क्षेत्रीय प्रतिनिधि का पारिवारिक बताया जा रहा है। जिसमें पुलिस ने लड़की को छोड़ दिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### नये साल में भी निराश होंगे पर्यटक, बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से की पहल की मांग



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पर्यटकों के लिए आकर्षण के केंद्र रामघाट में बने लेजर लाइट एंड साउंड शो पर मध्य प्रदेश ने ग्रहण लगा दिया है। पिछले एक महीने से शो ठप्प है और नए वर्ष में भी तीर्थ यात्रियों को निराशा ही हांथ लगेगी। जिस गति से सीढ़ियों का निर्माण चल रहा है उसमें अभी कई महीने लगने की उम्मीद है।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नयागांव क्षेत्र में आरती स्थल के नीचे सीढ़ियां बनाई जा रही हैं। इन सीढ़ियों को बनाने के लिए नयागांव रपटा के फाटक खोल दिए गए थे। रामघाट में फाटक खुलने से लगभग चार फिट पानी कम हो गया है। पानी कम होने से लेजर लाइट एंड साउंड शो ठप्प है। सीढ़ियों का निर्माण नौ दिन चलै अढ़ाई कोस की तरह चल रहा है। सीढ़ियों में ठेकेदार मंदाकिनी नदी की ही बालू लगा रहा है। साथ ही दो-तीन कारीगर और लेवर निर्माण मे लगे हैं। इस तरह अभी पूरी जनवरी महीने तक लेजर शो के शुरू होने की संभावना नहीं है। नए साल में पर्यटकों की भारी भरकम आवक होगी, ऐसे में सभी को निराशा हांथ लगेगी।

रामघाट के नाविक और दुकानदार भी लेजर शो के ठप्प होने से मायूस हैं। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मांग की है कि लेजर शो जल्द से जल्द चलवाये जाने की कोशिश की जाये। पीक समय में यदि लेजर शो ठप्प रहा तो तीर्थक्षेत्र का बड़ा नुकसान होगा, जबकि ठेकेदार चाहे तो सीढ़ियों का निर्माण बमुश्किल दस दिन का है। जानबूझकर काम को टरकाया जा रहा है। न तो पर्यटन विभाग की कोई रुचि है और न ही नयागांव प्रशासन से कोई लेना देना। ऐसे में अब जिलाधिकारी से ही नाविकों, दुकानदारों व पर्यटकों को आस है।

### पुलिस से डरे नहीं, बेझिझक बतायें अपनी बात: सीओ यातायात



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल ने राजकीय हाईस्कूल रौलीकल्याणपुर एवं राजकीय इंटर कालेज घुरेटनपुर में छात्र-छात्राओं के साथ जागरूकता गोष्ठी में कहा कि पुलिस व छात्रों के बीच तालमेल बनाने को कार्यक्रम चल रहा है। छात्र-छात्रायें पुलिस से डरे नहीं, बेझिझक अपनी बात बतायें, ताकि बाल अपराधों में अंकुश लगाया जा सके।

शुक्रवार को सीओ यातायात राजकमल ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। कहा कि सभी लोग अपने घर व परिजनों तथा रिश्तेदारों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक होने को प्रोत्साहित करें, ताकि सडक हादसों में रोक लग सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों में स्थापित महिला हेल्पडेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया।

यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने कहा कि सीओ यातायात की बातों को ध्यान से सुनकर सभी लोग नियमों का पालन करें।

## ई रिक्शा बिगाड़ रहे हैं सड़क पर यातायात व्यवस्था

### हर जगह कस्बों से लेकर शहरों में भी ई रिक्शा से लग रहा जाम



**अखंड भारत संदेश**
बांगरमऊ उन्नाव कस्बों शहरों में सवारी ढोने वाले साधनों में एक नई क्रान्ति आई ई रिक्शा लेकिन जब कोई भी चीज की अति हो जाती है तो वह नुकसान भी करने लगती हैं। ऐसा ही हाल अब शहरों में नजर आ रहा है ई रिक्शा अब शहरों में इतनी ज्यादा हो गई है और एक एक सवारी लेने के चक्कर में आड़े तिरछे रोड पर खड़े रहते हैं। सवारियों के लिए यह ई रिक्शा चालक आधी सड़क कवर कर खड़े करते हैं। जिसमें कोई भी बड़ा वाहन निकलने पर जाम लग जाता है। और ई रिक्शा चालकों पर कुछ पाबंदी न होने से नाबालिग बच्चों को भी रिक्शा चलाते हुए देख सकते है।

न ही उनके पास कोई लाइलेंस है न रिक्शा का रजिस्ट्रेशन नंबर न फिटनेस इसी कारण से लोगों को रिक्शा लेकर चलाने में कोई भी दिक्कत नहीं होती है। और सवारियां भी जल्दी पहुंचने के चक्कर में यह भी नहीं देखती है कि चालक नाबालिग है। और रिक्शे पर सवार हो जाती है जो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। ऐसा ही हाल बांगरमऊ कस्बा का भी है जहां ई रिक्शा की वजह से सातन पासी द्वार, लखनऊ रोड चौराहा, नानामऊ तिराहा, पर आए दिन जाम लग जाता है। पुलिस की नजर के सामने यह सब होते हुए भी कोई रोक टोक नहीं करते। यही हाल उन्नाव शहर का भी है जहां आए दिन जाम लगता है। मिश्रा कालोनी, पोनी रोड तिराहा, पोनी रोड चौराहा, ऋषिनगर आदि सभी जगह पर ई-रिक्शा की वजह से जाम लग जाता है।

# यूएसः बुफालो में बर्फीले तूफान में लापता लोगों की तलाश तेज

**बुफालो।** अमेरिका में बर्फीले तूफान से तबाह हुए बुफालो में सड़कें यातायात के लिए खोल दी गईं। हालांकि, अधिकारी लगातार उन लोगों की तलाश में जुटे हैं, जो पिछले सप्ताह आए बर्फीले तूफान के बाद से लापता हैं। न्यूयॉर्क के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले शहर के महापौर बायरन ब्राउन ने घोषणा की कि मध्य रात्रि के बाद से वाहन चलाने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया। पश्चिम न्यूयॉर्क में कम से कम 40 लोगों की मौत हुई है और इनमें से अधिकतर बुफालो से हैं।ब्राउन ने बुधवार देर रात को संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''बर्फ हटाने के काम में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उपनगरीय सड़कें, प्रमुख राजमार्ग और बुफालो



नियागरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहले ही खोले जा चुके हैं।'' हालांकि, ब्राउन ने निवासियों से अभी भी बिना किसी जरूरी काम के सड़क पर वाहन लेकर निकलने से बचने का अनुरोध किया है। नेशनल गार्ड बुफालो में घर-घर जाकर लोगों की जरूरतों का पता लगा रहे हैं, जहां तूफान के कारण घरों में बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई है।मौसम खुलने के साथ बर्फ के पिघलने पर पीड़ितों के मिलने की संभावना को देखते हुए अधिकारी उनकी तलाश में जुटे हैं। बुफालो पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी भी पीड़ितों की तलाश में जुटे हैं। एरी काउंटी के कार्यकारी मार्क पोलोनकार्ज ने तूफान के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कुछ पीड़ितों की अब भी पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा, ''समुदाय में ऐसे परिवार हैं, जो अब तक अपने लापता प्रियजनों की तलाश कर रहे हैं।

# पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह शहर में पुलिसकर्मी की मौत, धारा 144 लागू

**ग्वादर।** पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत के बंदरगाह शहर ग्वादर में एक पुलिसकर्मी की मौत के बाद धारा 144 लगा दी गई। यहां जारी 'हक दो तहरीक' के दौरान विरोध-प्रदर्शनों में हुए हादसे के बाद यह कार्रवाई की गई है।

ब्लूचिस्तान के गृह मंत्री जियाउल्लाह लैंगोव ने बताया कि इस मामले में 'हक दो तहरीक (एचडीटी)' के अध्यक्ष मौलाना हिदायत-उर-रहमान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के भी आदेश दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एचडीटी प्रदर्शनकारियों की गोलीबारी में सुरक्षा के लिए तैनात सिपाही यासिर सईद की मौत हो गई। इसके बाद प्रशासन ने धारा 144 लागू कर शहर में रैली, धरना, पांच से अधिक लोगों का सार्वजनिक जमावड़ा और किसी भी हथियार का प्रदर्शन प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस आंदोलन के प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जांच चौकियों की संख्या घटाई जाए, ईरान से होने वाले व्यापार को आसान बनाया जाए और ग्वादर के समीप ट्रालिंग से गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर रोक लगाई जाए।

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता फराह अजीम ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों ने ग्वादर बंदरगाह बंद करने की कोशिश की। इसके परिणामस्वरूप पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले, 28 दिसंबर को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हाथापाई, गोलाबारी और लाठी चार्ज के कारण कई लोग घायल हो गए। इससे ग्वादर में स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई थी। एचडीटी विरोध प्रदर्शनकारियों ने धमकी दी कि वे शहर में पाकिस्तान की सरकारी संपत्तियां उड़ा देंगे। गौरतलब है कि पाकिस्तान सरकार की नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों की गिरफ्तारी के बाद यह आंदोलन हिंसक हो गया था। इसके बाद ग्वादर में स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों के बीच कई झड़पें हुईं। आंदोलन पर काबू पाने के प्रयासों में पुलिस ने आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत 80 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया और 34 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी के उप प्रमुख लियाकत बलूच ने कहा कि ग्वादर की स्थिति बलूचिस्तान ही नहीं बल्कि पूरे पाकिस्तान के लिए चिंता का विषय है।

# चीन में कोविड के हालात को लेकर कम जानकारी होने से वैश्विक चिंताएं बढ़ीं

**बीजिंग।** अनेक देशों में चीन से आने वाले यात्रियों की कोविड-19 जांच अनिवार्य करने के कदम से यह वैश्विक चिंता साफ नजर आती है कि वायरस के प्रकोप के दौरान इसके नये स्वरूप सामने आ सकते हैं और इसे लेकर जानकारी का अभाव हो सकता है। अभी तक वायरस के किसी नये स्वरूप की कोई जानकारी नहीं है, लेकिन चीन पर 2019 के आखिर में उसके यहां सबसे पहले सामने आये वायरस के बारे में तभी से आगे आकर जानकारी नहीं देने का आरोप है। अब भी इस तरह की आशंका है कि चीन वायरस के ऐसे उभरते स्वरूपों के किसी भी संकेत पर जानकारी साझा नहीं करेगा जिनसे दुनिया में संक्रमण के अत्यधिक मामले आ सकते हैं।अमेरिका, जापान, भारत, दक्षिण कोरिया, ताइवान और इटली ने चीन से आने वाले यात्रियों का कोविड परीक्षण अनिवार्य करने की घोषणा कर दी है। अमेरिका ने संक्रमण के मामले बढ़ने औरवायरस के स्वरूपों के संबंध में जीनोम अनुक्रमण समेत अन्य जानकारी नहीं होने का हवाला दिया है। ताइवान और जापान के अधिकारियों ने भी इसी तरह की चिंता जाहिर की है। ताइवान के महामारी नियंत्रण केंद्र के प्रमुख वांग पी-शेंग ने कहा, ''चीन में इस समय महामारी की स्थिति पारदर्शी नहीं है। हमारे पास बहुत सीमित जानकारी है और वह भी सटीक नहीं है।'' ताइवान में एक जनवरी से चीन से आने वाले प्रत्येक यात्री की कोविड जांच अनिवार्य होगी।

ताइवान में चंद्र नव वर्ष के लिए करीब 30,000 ताइवानी नागरिकों के चीन से लौटने की संभावना है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भी इस सप्ताह की शुरुआत में चीन से आने वाले यात्रियों की कोविड जांच को अनिवार्य करने की घोषणा की थी और इस बारे में अधिक जानकारी नहीं होने पर चिंता जताई थी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि कई देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए अपनी नीति नहीं बदली है। उन्होंने कहा कि किसी भी कदम को उठाते समय सभी देशों के लोगों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। संक्रमण के प्रत्येक मामले में वायरस के उत्परिवर्तन की आशंका होती है और यह चीन में तेजी से पैर पसार रहा है। वैज्ञानिक अभी यह नहीं बता पा रहे कि क्या इसका मतलब दुनिया में वायरस के नये स्वरूप का प्रकोप होना है, लेकिन उन्हें आशंका है कि ऐसा हो सकता है। चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि मौजूदा प्रकोप ओमीक्रोन वायरस के कारण है जिसे अन्य देशों में भी देखा गया है। उसने कहा कि वायरस के नये चिंताजनक स्वरूपों का पता लगाने के लिए एक निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। चीन के रोग नियंत्रण केंद्र के मुख्य महामारी विज्ञानी वू जून्यू ने कहा कि चीन को वायरस के किसी भी स्वरूप का पता चला है तो उसने समय पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा, ''हम कुछ भी छिपाकर नहीं रखते। सारी जानकारी दुनिया के साथ साझा की जाती है।'' जर्मनी के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता सेबेस्टियन गुएल्दे ने कहा कि अधिकारियों को इस तरह का कोई संकेत नहीं है कि चीन में इस लहर में वायरस का कोई अधिक खतरनाक स्वरूप विकसित हुआ है, लेकिन वे हालात पर नजर रख रहे हैं। यूरोपीय संघ भी हालात का आकलन कर रहा है और उसने कहा है कि चीन में व्याप्त वायरस का स्वरूप यूरोप में पहले से सक्रिय है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रस अधानम घेब्रेयेसस ने कहा है कि संगठन को चीन में संक्रमण के मामलों की गंभीरता को लेकर और विशेष रूप से वहां अस्पतालों तथा आईसीयू में रोगियों के भर्ती होने के संबंध में और अधिक जानकारी चाहिए होगी ताकि जमीनी स्थिति के समग्र जोखिम का आकलन किया जा सके। वाशिंगटन में हडसन इंस्टीट्यूट नामक संस्थान में चीनी केंद्र के निदेशक माइल्स यू ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जो संशय और आक्रोश है, उसका चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के सख्त पाबंदियों में अचानक ढील के फैसले से सीधा संबंध है। यू ने एक ईमेल में कहा, ''आप इतने लंबे समय तक शून्य-कोविड लॉकडाउन की बेवकूफी नहीं कर सकते जो विफल साबित हुआ हो... और फिर अचानक से चीन से संक्रमितों की भीड़ को बाहर निकलने के लिए आजाद कर दूसरे देशों में लाखों लोगों को संक्रमण के जोखिम में डाल दिया गया।

## पाक के प्रधानमंत्री ने मोदी की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शुक्रवार को शोक प्रकट किया। शरीफ ने ट्वीट किया '' मां को खोने से बड़ा नुकसान और कोई नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर मेरी ओर से शोक संवेदनाएं।''गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन का 100



साल की उम्र में अहमदाबाद के अस्पताल में आज तड़के निधन हो गया। हीराबेन को स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानियों के चलते बुधवार को सुबह 'यू एन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर' में भर्ती कराया गया था। उनके पार्थिव शरीर का गांधीनगर में अंतिम संस्कार किया गया।

## म्यांमा में अदालत ने सू ची को भ्रष्टाचार के मामले में फिर दोषी करार दिया

**बैंकॉक।** सैन्य शासित म्यांमा की एक अदालत ने शुक्रवार को देश की अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को उनके खिलाफ आपराधिक मामलों की कड़ी में भ्रष्टाचार के एक और मामले में दोषी ठहराया और सात साल जेल की सजा सुनाई। फरवरी 2021 में सेना द्वारा सू ची की निर्वाचित सरकार को गिराए जाने के बाद से उन पर कई राजनीतिक अभियोग लगाए गए और अब इस सजा के जुड़ने के साथ उन्हें कुल 33 वर्ष जेल में बिताने होंगे। उन्हें कई अन्य अपराधों के लिए भी दोषी ठहराया गया था, जिसमें उन्हें कुल 26 साल की कैद की सजा सुनाई जा चुकी है।उनके समर्थकों और स्वतंत्र विश्लेषकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोपों उद्देश्य सत्ता को अपने



अधिकार में लेने के सैन्य शासन के प्रयास को वैध बनाना और चुनाव से पहले उन्हें राजनीति से दूर रखना है। म्यांमा के सैन्य शासन ने अगले साल चुनाव कराने का वादा किया है। अधिकारियों द्वारा दंडित किए जाने के डर से नाम नहीं छापने के अनुरोध पर राजधानी के बाहरी इलाके में मुख्य जेल में विशेष रूप से बनाए गए अदालत कक्ष में शुक्रवार के फैसले से एक कानूनी अधिकारी ने अवगत कराया। मुकदमे को मीडिया, राजनयिकों और लोगों से दूर रखा गया था और सू ची के वकीलों को इस बारे में बात करने की मनाही थी।

# जयशंकर ने साइप्रस में कोणार्क चक्र का दौरा किया; दोनों देशों की गहरी मित्रता का प्रतीक बताया

**निकोसिया।** विदेश मंत्री एस जयशंकर साइप्रस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान 'कोणार्क चक्र' देखने गए जो दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता का प्रतीक है। जयशंकर 29 से 31 दिसंबर तक साइप्रस की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं।दोनों देश अपने राजनयिक संबंध स्थापित होने की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। विदेश मंत्री जयशंकर 'कोणार्क चक्र' देखने गए जिसे भारत ने वर्ष 2017 में साइप्रस को भेंट किया था।जयशंकर ने ट्वीट किया, '' साइप्रस के विदेश मंत्री लोआनिस कासोउलिडेस और गृह मंत्री नोउरिस निकोस के साथ वहां के विदेश मंत्रालय में स्थापित कोणार्क चक्र देखा।'' उन्होंने कहा, '' वर्ष 2017 में भारत की ओर से भेंट किया गया, यह हमारे देशों के बीच मजबूत मित्रता का प्रतीक है।'' जयशंकर ने साइप्रस के अपने समकक्ष लोआनिस कासोउलिडेस के साथ सार्थक चर्चा करने के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में



कहा, ''भारत साइप्रस मुद्दे के समाधान के तौर पर संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों पर आधारित द्वि-क्षेत्रीय संघ की ओर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।''वहीं, कासोउलिडेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और अंतरराष्ट्रीय कानून के संबंध में साइप्रस का एक व्यवहार्य तथा व्यापक समझौते पर पहुंचने का समर्थन करने के लिए भारत का आभार जताया था।

उन्होंने कहा था, ''जैसा कि हमने भारत के मामले में देखा है, देश का विभाजन एक खतरनाक यात्रा की शुरुआत थी और निश्चित तौर पर अंत नहीं था इसलिए साइप्रस तथा उसके लोगों के लिए दो राज्य के समाधान को स्वीकार नहीं किया जा सकता।''

जयशंकर ने साइप्रस की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष अन्निता डेमेट्रियू से मुलाकात ''संसदीय परम्पराओं पर दिलचस्प बातचीत'' की थी। जयशंकर ने डेमेट्रियू के साथ महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने कहा था, ''शांति तथा सौहार्द का उनका सार्वभौमिक संदेश हम सभी का मार्गदर्शन कर रहा है।

# आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। सेना के एक बयान में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, प्रांत के कुर्रम जिले में पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दो आतंकवादी भी मारे गए। इन सैनिकों की पहचान सूबेदार शुजा मुहम्मद (43), खुजदार नाइक मुहम्मद रमजान (32) और सुक्कुर सिपाही अब्दुल रहमान (30) के रूप में हुई है।बयान में कहा गया है कि दोनों तरफ से मुठभेड़ तब हुई जब सैनिकों ने



अफगान सीमा के पास एक पूर्व आतंकवादी गढ़ में एक ठिकाने पर छापा मारा। बयान में कहा गया कि क्षेत्र से आतंकवादियों को खत्म करने के लिए छापेमारी की गई। बयान के अनुसार, ''पाकिस्तानी सेना आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और हमारे बहादुर सैनिकों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।'

यह घटना देश भर में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच हुई है, जिनमें ज्यादातर घटनाओं में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने अपना हाथ होने का दावा किया था। पिछले हफ्ते, एक पाकिस्तानी तालिबान लड़ाके ने इस्लामाबाद में एक कार बम विस्फोट किया था और वह कुर्रम से था। हमले का दावा अलकायदा के करीबी माने जाने वाले टीटीपी ने किया था, जो अफगान तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा करने के बाद फिर से सक्रिय हो गया है।

## दक्षिण चीन सागर के ऊपर अमेरिकी विमान के सामने आया चीनी विमान, दुर्घटना टली : अमेरिका

**बीजिंग।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि चीनी नौसेना के लड़ाकू विमान ने इस महीने दक्षिण चीन सागर पर अमेरिकी वायुसेना के एक टोही विमान के पास खतरनाक तरीके से उड़ान भरी थी, लेकिन अमेरिकी पायलट ने अपनी कुशलता से दोनों विमान को भिड़ने से बचा लिया। अमेरिकी सेना की हिंद-प्रशांत कमान ने एक बयान में कहा घटना 21 दिसंबर को हुई थी, जब चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का



जे-11 विमान अमेरिकी वायुसेना द्वारा संचालित विशाल टोही विमान आरसी-135 के सामने छह मीटर की दूरी से गुजर गया।बयान में कहा गया है कि अमेरिकी विमान 'कानून के अनुसार अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर पर नियमित अभियान पर था।' इसके मुताबिक, अमेरिकी विमान के पायलट ने अपनी कुशलता के जरिये दोनों विमान को भिड़ने से बचा लिया। चीन दक्षिण चीन सागर को अपना क्षेत्र बताता है और उसमें उड़ान भरने वाले अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के विमानों का पीछा भी करता है।हिंद-प्रशांत कमान ने अपने बयान में कहा, 'अमेरिकी हिंद-प्रशांत संयुक्त बल एक मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर प्रतिबद्ध है। वह अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत सभी जहाजों और विमानों की सुरक्षा के लिए उचित सम्मान के साथ अंतरराष्ट्रीय समुद्री और हवाई क्षेत्र में उड़ान भरना एवं जहाज भेजना जारी रखेगा।

## अडाणी समूह ने एनडीटीवी के संस्थापकों की 27 .26 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** गौतम आडाणी की अगुवाई वाले अडाणी समूह ने मीडिया कंपनी नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) के संस्थापकों की हिस्सेदारी खरीद ली है। समूह ने एनडीटीवी के संस्थापक प्रणय रॉय और उनकी पत्नी राधिका रॉय की 27.26 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया है।

अडाणी एंटरप्राइजेज ने शुक्रवार को शेयर बाजार को इस अधिग्रहण की सूचना दी। कंपनी ने रॉय दम्पति की 27.26 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण 342.65 रुपये प्रति शेयर के भाव पर किया है। इस भाव पर 1.75 करोड़ शेयरों की बिक्री से रॉय दम्पति को करीब 602.30 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। अडाणी समूह के एक बयान के मुताबिक कंपनी की परोक्ष अनुषंगी और एनडीटीवी के प्रवर्तक समूह में शामिल आरआरपीआर ने एनडीटीवी में प्रणव रॉय और राधिका रॉय की 27.26 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण परस्पर अंतरण के माध्यम से किया है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# यूक्रेन में जारी जंग के बीच बड़े पैमाने पर रूसी युद्ध अपराधों के प्रमाण मिले

**कीव।** यूक्रेन में दस महीने से जारी युद्ध के बीच इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिले हैं कि रूसी सैनिकों ने युद्ध भूमि में आचरण और नागरिकों के साथ बर्ताव संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पूर्ण युद्ध छेड़ रखा है। यूक्रेन अभी रूस के संभावित युद्ध अपराधों के 58 हजार से अधिक मामलों की जांच कर रहा है, जिनमें हत्या, अपहरण, अंधाधुंध बमबारी और यौन हमलों से जुड़े मामले शामिल हैं। 'द एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) और 'फ्रंटलाइन' की रिपोर्ट में स्वतंत्र रूप से 600 से अधिक ऐसे मामलों की पहचान की गई है, जिनमें युद्ध कानूनों का उल्लंघन किए जाने के संकेत मिलते हैं। इनमें से कुछ मामले सैकड़ों नागरिकों का नरसंहार करने वाले हमलों से जुड़े हैं।द हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में मुख्य अभियोजक करीम खान ने 'एपी' से कहा, ÷यूक्रेन एक अपराध स्थल है।÷ उनकी यह टिप्पणी एक कड़वा सच है।



प्राधिकारियों के पास यूक्रेन में बड़े पैमाने पर रूसी युद्ध अपराधों के प्रमाण हैं। हालांकि, निकट भविष्य में यूक्रेनी नागरिकों पर हमला करने वाले सैनिकों, उन्हें आदेश देने वाले सैन्य अधिकारियों और हमलों को मंजूरी प्रदान करने वाले राजनेताओं को गिरफ्तार करने की कोई संभावना नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके पीछे कई वजहें हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी अधिकारी युद्ध क्षेत्र में पुख्ता सबूत जुटाने में काफी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

यही नहीं, कथित युद्ध अपराधों को अंजाम देने वाले ज्यादातर सैनिक यूक्रेनी अधिकारियों की गिरफ्त से बचने में सफल रहे हैं और अब रूसी सीमा में दाखिल हो चुके हैं। यहां तक कि सफल अभियोगों में भी न्याय सीमित रहा है। मिसाल के तौर पर 21 वर्षीय टैंक कमांडर वादिम शिशमारिन से जुड़ा मामला ले लें, जो युद्ध अपराधों के आरोपों का सामना करने वाला पहला रूसी सैनिक था। उसने इस साल मार्च में आत्मसमर्पण कर दिया था। मई में कीव की एक अदालत उसे 62 वर्षीय एक यूक्रेनी नागरिक को सिर में गोली मारने के जुर्म में दोषी करार दिया।

शिशमारिन को पहले उम्रकैद की सजा सुनाई गई, जिसे अपील के बाद घटाकर 15 साल के कारावास की सजा कर दिया गया। आलोचकों का कहना था कि शिशमारिन को सुनाई गई प्रारंभिक सजा अनुचित रूप से कठोर थी, यह देखते हुए कि उसने अपना अपराध कबूल किया था। उन्होंने तर्क दिया कि शिशमारिन आदेशों का पालन कर रहा था और उसने अपने किए पर पछतावा जाहिर किया था।

## गुटेरेस ने दशती को काला सागर अनाज पहल के लिए संयुक्त राष्ट्र का समन्वयक नियुक्त किया

**संयुक्त राष्ट्र।** यूक्रेन पर रूस के हमले के 10 माह से अधिक समय बीतने के साथ ही विश्व पर छाए युद्ध के बादल के बीच अनाज संकट दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बड़ी पहल की है। गुटेरेस ने कुवैत के अब्दुल्ला अब्दुल समद दशती को संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव का नया समन्वयक नियुक्त किया है। प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को यह जानकारी दी।विश्व में खाद्यान्न संकट दूर करने के लिए यूएन



महासचिव ने यह बड़ी पहल की है। ज्ञात रहे कि यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद दुनिया में खाद्यान्न का संकट पैदा हो गया है। प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कुवैत के अब्दुल्ला अब्दुल समद दशती को काला सागर अनाज पहल के लिए संरा के समन्वयक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।साथ अंतरराष्ट्रीय समुद्री और हवाई क्षेत्र में उड़ान भरना एवं जहाज भेजना जारी रखेगा।